वर्ष : 18 अंक: 118 ग्वालियर • शुक्रवार 30 मई 2025 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

# बंगाल में मोदी बोले-पाकिस्तान समझ ले, 3 बार घुसकर मारा: अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी

## TMC नेता गरीबों से कट-कमीशन मांगते

**गंगटोक/कोलकाता**



पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया। पीएम ने कहा, पाकिस्तान समझ ले 3 बार घर में घुसकर मारा है। हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

राज्य की सत्ताधारी पार्टी ञ्रस्ष्ट पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीएमसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।

पीएम को आज तीन राज्यों में जाना था। सिक्किम दौरा रद्द होने के बाद वे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार पहुंचे। यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। शाम को पीएम बिहार जाएंगे। शाम 5=45 बजे पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का इनॉगरेशन करेंगे। फिर रात में राजभवन में रुकेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर पर= आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बता की उसके बाद बंगाल में बहुत गुस्सा था। उसको मैं समझता था आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया। जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी पॉजिटिव नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं तब से आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों बाद बांग्लादेश में आतंक फैलाया। पाक सेना ने बांग्लादेश में रेप किया मर्डर किया। उसे कोई नहीं भूल सकता। आंतक और नरसंहार पाकिस्तान की विशेषज्ञता है। सीधी लड़ाई में उनकी हमेशा हार होती है। यही कारण है पाकिस्तान की सेना आतंकियों को सहारा लेती है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया कि भारत पर अब आतंकी हमला हुआ तो दुश्मन को उसकी कीमत चुकानी होगी।

# एयरफोर्स चीफ बोले-एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं

## कॉन्ट्रैक्ट करते समय पता होता है, पूरा नहीं होगा; फिर ऐसे वादे क्यों करना

**नई दिल्ली**



एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में हो रही देरी पर कहा कि ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं है, जो समय पर पूरा हुआ हो। ये सोचने वाली बात है कि हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता। कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं, जिससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है।

यह पहला मौका है जब किसी सेना प्रमुख ने सिस्टम पर इस तरह से सवाल उठाया हो। CII एनुअल बिजनेस समिट में एयर चीफ मार्शल ने कहा;-इससे पहले 8 जनवरी को भी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले हैं। जबकि चीन जैसे देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं।

तेजस, AMCA और Mk2 की डिलीवरी भी लेट है एयर चीफ ने बताया कि फरवरी 2021 में ॗरु के साथ तेजस MK1 फाइटर जेट के लिए ?48,000 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया था। डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन आज तक एक भी विमान नहीं आया। तेजस MK2 का प्रोटोटाइप भी अभी तक तैयार नहीं हुआ है। एडवांस्ड स्टेल्थ फाइटर AMCA का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है।

आज की जरूरत आज ही पूरी करनी होगी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि हमें आज के लिए तैयार रहना होगा, तभी भविष्य के लिए भी तैयार हो सकेंगे। आने वाले 10 साल में इंडस्ट्री से ज्यादा आउटपुट मिलेगा, लेकिन जो जरूरत आज है, वो आज पूरी होनी चाहिए।

# रतलाम-नागदा के बीच रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना की मंजूरी प्रदेश के लिए बड़ी सौगात : मुख्यमंत्री

## रेल कनेक्टिविटी बढ़ने से अर्थव्यवस्था को लाभ

## मध्यप्रदेश से तीन नई ट्रेन- रीवा से पुणे, जबलपुर से रायपुर और ग्वालियर से बंगलुरु के बीच चलेंगी

**भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में रेल सुविधाओं के विकास और रेल नेटवर्क के विस्तार को गति प्रदान करने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी तरह संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। वर्तमान में देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में रेल से अच्छा यातायात का कोई अन्य साधन नहीं है। इस नाते केंद्र सरकार रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाते हुए प्रदेश में अलग-अलग रेलवे ट्रैक को विस्तार दे रही है। इसी क्रम में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने रतलाम से नागदा के बीच रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना को स्वीकृति दी है जो मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। इससे मालवा अंचल में न सिर्फ रेल कनेक्टिविटी बढ़ेगी बल्कि अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई रेल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्निनी वैष्णव का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रेल परियोजनाओं की स्वीकृति से संबंधित प्रेस वार्ता में पन्ना से वर्चुअली जुड़े। रतलाम-नागदा परियोजना से प्रतिवर्ष बचेगा 7.5 करोड़ लीटर डीजल रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि रतलाम से नागदा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने से प्रतिवर्ष 7.5 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी।

# राहुल का मोदी को लेटर-पुंछ के लिए राहत पैकेज मांगा

## पाकिस्तान की गोलाबारी से नुकसान हुआ था; महाराष्ट्र में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**नई दिल्ली/श्रीनगर**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर पुंछ और पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित अन्य इलाकों के लिए राहत पैकेज देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से की गई फायरिंग से स्थानीय लोगों को जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार को इन इलाकों के लिए ठोस और तुरंत मदद पहुंचानी चाहिए। उन्होंने लिखा कि जिन परिवारों ने अपने घर या परिजन खोए हैं, उन्हें आर्थिक मदद दी जाए और सरकार को पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उधर, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।ञ्रस् अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को भारत की गोपनीय जानकारी भेज रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

## भाजपा विधायक ने वायुसेना को नालायक कहा, बाद में सफाई दी

उधमपुर ईस्ट से भाजपा विधायक रणवीर पठानिया ने ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयरफोर्स के पायलट सोए हुए थे। कुसूर हमारा है, हम लोगों ने इन्हें अपनी पलकों पर बैठा रखा है। पठानिया ने भारतीय वायुसेना को नालायक कहा। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान उधमपुर एयरफोर्स स्टेशन को पाकिस्तान ने निशाना बनाया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयरफोर्स स्टेशन पर क्या हुआ सबको पता है। नालायकी होगी इनकी, सोए होंगे ये लोग, हमारा तो कोई कसूर नहीं है। वीडियो वायरल होने के बाद पठानिया ने अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा, वायुसेना पर मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। कहा- क्लिप फर्जी और भ्रामक है। इसे काट-छांट कर पेश किया गया है

# IRCTC घोटाले में 23 जुलाई को फैसला,लालू यादव भी आरोपी

## होटल के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप; 7 साल तक की हो सकती सजा



**पटना** IRCTC होटल घोटाले में 23 जुलाई को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। CBI के एडिशनल डायरेक्टर, राकेश अस्थाना ने बताया था-लालू यादव रेल मंत्री थे, तब रेलवे के पुरी और रांची स्थित BNR होटल को IRCTC को ट्रांसफर किया था। इन्हें रख-रखाव और इम्प्रूव करने के लिए लीज पर देने की प्लानिंग थी। इसके लिए टेंडर विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। टेंडर प्रॉसेस में हेर-फेर किया गया था।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से छह देशों के नए एंबेसडर और हाई कमिश्नर से मिली, क्रेडेंशियल्स स्वीकार किया

**नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छह देशों के नए राजदूतों और हाई कमिश्नर से मुलाकात की। इसमें तुर्किये, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, थाईलैंड, कोस्टा रिका, और सेंट किट्स एंड नेविस के ऑफिशियल्स शामिल हैं। नियमों के तहत, राष्ट्रपति ने सभी नए ऑफिशियल्स के क्रेडेंशियल्स स्वीकार किए। यह मुलाकात राष्ट्रपति भवन में हुई। इससे पहले यह कार्यक्रम 15 मई को होने वाला था, लेकिन कार्यक्रमों में शिड्यूलिंग की दिक्कत से 29 मई को आगे बढ़ा दिया गया था।

# कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर थरूर बोले: मैंने सिर्फ आतंकवादी हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया पर बात की, मेरे विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे



**नई दिल्ली** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा सरकार का समर्थन करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर लगातार अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचना का सामना कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने इस पर सफाई दी और कहा कि आलोचक और ट्रोल्स उनके विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। हालांकि, उसने किसी का नाम नहीं लिया। थरूर ने X पर एक पोस्ट में लिखा- LoC के पार भारतीय वीरता के बारे में मेरी कथित अज्ञानता पर भड़कने वाले कट्टरपंथियों को मैं बताना चाहता हूं कि मैं स्पष्ट रूप से केवल आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध के बारे में बोल रहा था, न कि पिछले युद्धों के बारे में। लेकिन हमेशा की तरह मेरे शब्दों और विचारों को तोड़ा-मरोड़ा गया।

# मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना:कल 10 विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात की थी, विधानसभा अध्यक्ष दिल्ली रवाना

**इंफाल**



मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना है। राज्य के 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इनमें 8 भाजपा, NPP और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इनमें से ही एक विधायक ने भास्कर को बताया, नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है। उम्मीद है कि 15 जून तक एक सरकार बन जाएगी।% इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो चुके हैं। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। राज्य में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को सिंह ने दिया था इस्तीफा 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। बीरेन सिंह पर राज्य में डेढ़ साल से ज्यादा समय तक चली हिंसा न रोक पाने के चलते काफी दबाव था।

मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच 3 मई, 2023 से अब तक हिंसा हो रही है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा FIR दर्ज हुई हैं। विपक्षी पार्टियां हिंसा के मुद्दे पर लगातार ह्वष्ठ से सवाल पूछ रही थीं।

# गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री श्री साय भैंसा में आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों से हुए रूबरू
## विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 10 जागरूकता रथों को दिखाई हरी झंडी




**रायपुर,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायपुर जिले के ग्राम भैंसा में आयोजित सुशासन शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 10 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। शिविर में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 110 पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपी, और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में न रहे।

हमारी सरकार इस संकल्प को साकार करने हेतु छत्तीसगढ़ में 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बचे हुए पात्र परिवारों को 'आवास प्लस प्लस' योजना के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम भैंसा और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत वाले विभिन्न कार्यों की घोषणा की। इसमें ग्राम भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख रुपए, हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख रुपए, पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार हेतु 55 लाख रुपए, हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माण हेतु 50 लाख रुपए, अहाता एवं शेड निर्माण हेतु 20 लाख रुपए, ग्राम अमोड़ी में पाइपलाइन विस्तार हेतु 42 लाख रुपए, हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु 24 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर के दौरान विभिन्न हितग्राहियों से योजनाओं के फीडबैक भी लिए। श्रीमती चंदन ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वे इस योजना की राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई और आवश्यक जरूरतों में करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तभी सार्थक होता है जब उसकी गूंज गांव-गांव और घर-घर तक सुनाई दे। आज प्रधानमंत्री आवास की चाबियाँ सिर्फ मकान की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित जीवन की चाबियाँ हैं।

# प्राकृतिक खेती के साथ ही फसल की नई विधियों से अवगत करायें-सांसद

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ, खरीफ फसलों एवं नवाचारों की जानकारी देने टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**श्योपुर ब्यूरो।** क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिको तथा कृषि सहित अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारियों की टीम गांव-गांव जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करें तथा फसल की नई विधियों, तकनीकियों एवं नवाचारों से अवगत करायें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत में कृषि स्थाई समिति के सभापति श्री गिरधारी बैरवा, श्री दिनेश दुबोलिया, श्री नाथूलाल रावत सोईकलां, श्री महेश राठौर सहित सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया, कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह सहित पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य, कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा के अधिकारी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद श्री तोमर ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी विभागों सहित कृषि वैज्ञानिकों से अपेक्षा की कि वे किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा नीतियों के बारे में जागरूक करते हुए किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में मिट्टी की उपयोगिता के आधार पर सुझाई गई फसलो के चयन तथा संतुलित खाद के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करें। प्राकृतिक खेती और फसल विविधिकरण के बारे में किसानों को बतायें। अभियान के तहत किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में मिट्टी की उपयोगिता के आधार पर सुझाई गई फसलो के चयन तथा संतुलित खाद के उपयोग के लिए जानकारी प्रदान की जायें। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य बढाकर 20 प्रतिशत किया गया है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए पशुपालन विभाग अंतर्गत दुग्ध उत्पादन से संबंधित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, उनमें प्रमुख योजना है डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना इसमें 38 लाख रूपये तक की यूनिट लगाई जाती है और हितग्राही को 25 गाय अथवा भैस पालने के लिए लोन दिया जाता है। इसमें 33 प्रतिशत तक सबसिडी दी जा रही है, इस योजना का प्रचार-प्रसार अभियान के दौरान किया जायें। इसके पूर्व कृषि स्थाई समिति के सभापति श्री गिरधारी बैरवा ने कहा कि केन्द्रीय एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख कृषि योजनाओं, कृषि वैज्ञानिको द्वारा खोजी गई नवीन तकनीकियों, उन्नत फसलों से किसानों को जानकारी प्रदान करने के लिए 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत खरीफ मौसम में उत्पादित होने वाली विभिन्न फसलो की नवीन एवं उन्नत किस्मों, तकनीकियों से किसानों को अवगत कराया जायेंगा। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए प्रत्येक विकासखण्ड के लिए टीमो का गठन किया गया है, जिसमें उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा आदि विभागों सहित प्रगतिशील किसानों तथा किसानों के लिए काम कर रहे फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन (एफपीओ) को शामिल किया गया है। यह टीमे 12 जून तक ग्रामों में भ्रमण कर किसान चौपाल का आयोजन करेगी तथा किसानों को जानकारी प्रदान करेंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला स्तरीय परामर्शदाता श्री विश्म्भर गौड ने किया तथा आभार प्रदर्शन उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागीय अधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

### टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए खरीफ फसलों एवं नवाचारों की जानकारी देने गठित की गई विकासखण्ड स्तरीय टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई है, जो प्रतिदिन ग्रामों का भ्रमण करेगी। इसके लिए भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, यह दल 12 जून तक जिले के 135 ग्रामों में भ्रमण कर किसानों को जानकारी प्रदान करेगें।

# जनभागीदारी से जल संचयन का संकल्प, भव्य कलश यात्रा के साथ मसावनी में तालाब गहरीकरण का कार्य शुरू

## वर्षा जल को रोकने में सहभागिता करें ग्रामीण-श्री सिसौदिया, 12 अमृत सरोवर, 708 खेत तालाब, 85 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण जारी

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम मसावनी में जन भागीदारी से जल संचयन का संकल्प लेते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ कमरिया तालाब के गहरीकरण तथा जीर्णोद्धार कार्य का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति सदस्य श्री गिरधारी बैरवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री राधेश्याम गुर्जर, सरपंच श्रीमती धोडा बाई आदिवासी, सीईओ जनपद श्री राकेश शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, परियोजना अधिकारी श्री विक्रम जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, नवांकुर संस्था निमोदामठ के सदस्य, एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहो की महिलाएं एवं बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया ने कहा कि वर्षाजल को रोकने, सहेजने में ग्रामीणजन अपनी सहभागिता निभायें। जल है तो कल है, इसलिए जल संरचनाओं का संरक्षण करें तथा उन्हें साफ-सुथर रखे। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूकता के साथ ही जल संरचनाओं को संवारने के लिए 90 दिन का जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार सतत् रूप से कल्याणकारी कार्यो की ओर अग्रसर है। उन्होने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं तत्कालीन सांसद तथा वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रयासों से पूर्व में स्पेशल सहरिया प्रोजेक्ट के तहत जिले को 19 हजार 166 आवास सहरिया हितग्राहियों को प्रदाय किये गये। वर्तमान में भी




क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के नेतृत्व में पीएम जनमन योजना के तहत 24 हजार से अधिक आवास बनाये जा रहे है। कृषि स्थाई समिति से सदस्य श्री गिरधारी बैरवा ने कहा कि अभियान के तहत जल संरचनाओं नदी, तालाबों, कुओं, वाबडियों तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण के साथ ही उनके पुर्नजीवन हेतु कार्य किये जा रहे है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों तथा सहरिया हितग्राहियों के लिए कार्य कर रही है। सिंचाई के साधन बढाये जा रहे है तथा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए समर्थन मूल्य पर विभिन्न फसलो की खरीदी की जा रही है। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही खेत तालाब और कूप रिचार्ज का कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जलस्तर बढाने के लिए 85 रिचार्ज शाफ्ट भी बनाये जा रहे है। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं आभार प्रदर्शन सीईओ जनपद श्री राकेश शर्मा द्वारा किया गया। इसके पूर्व ग्राम के हनुमान मंदिर से तालाब तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा कलशपूजन एवं कन्यापूजन कर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का साफा बांधकर माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया।

### 14 लाख की लागत से होगा कमरिया तालाब का जीर्णोद्धार

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 14 लाख की लागत से कमरिया तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ अतिथियों द्वारा श्रमदान कर किया गया। परियोजना अधिकारी श्री विक्रम जाट ने बताय कि मनरेगा के तहत तालाब का गहरीकरण करते हुए पाल का निर्माण किया जायेगा तथा पाल की पिचिंग की जायेगी। इसके साथ ही तालाब में वेस्टवियर का निर्माण भी कराया जायेगा। इस तालाब के जीर्णोद्धार से क्षेत्र का भू-जलस्तर तो बढेगा ही साथ ही ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति भी होगी।

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य जारी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 12 अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है, इसके अलावा 708 खेत तालाब तथा 100 कुओं का कूप रिचार्ज कार्य भी संचालित है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की पहल पर नवाचार के तहत जिले में पहली बार 85 रिचार्ज शाफ्ट भी बनाये जा रहे है, जो भू-जलस्तर बढाने में सर्वाधिक उपयोगी है। इसी प्रकार उनकी पहल पर बावडियों, 55 कूप मरम्मत, 110 तालाबों की मरम्मत, 343 रूफवाटर हार्वेस्टिंग सरंचनाओं, 99 परकोलेशन टैक एवं 175 सोकपिट का निर्माण भी संचालित है। इसके साथ ही आगामी समय में प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण के कार्य भी किये जायेगे। 1780 जलदूतों का रजिस्ट्रेशन माय भारत पोर्टल पर किया जा चुका है।

# नालसा की हितकारी योजनाओं से ग्रामीणों को किया जागरूक

**श्योपुर ब्यूरो।** माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर श्री पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में श्री योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा नगर परिषद बड़ौदा, ग्राम ललितपुरा व ग्राम फिलोजपुरा में नालसा व सालसा की योजनाओं का विस्तृत रूप से प्रचार-प्रसार व ग्रामीणजन को लाभावित किये जाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। श्री योगेश बंसल, विधिक सहायता अधिकारी ने उक्त ग्राम क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नालसा द्वारा चलाई जा रही हितकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बतावा। साथ ही उन्हें हाल ही में लांच साथी अभियान के बारे में भी अवगत कराया कि ये योजना उन बेसहारा बच्चों के लिये चलाई जा रही है. जिनके आधार व अन्य दस्तावेजों से वह वछित रह जाते है। जिससे उनको शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है. इस हेतु ग्रामीणजनों से अपील भी की गई कि ऐसे बच्चों की जानकारी मिलने पर



वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क करके उन बच्चों के बारे में बता सकते है ताकि उक्त अभियान के फलस्वरूप उन बेसहारा बच्चों को अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। इसी कम में नशे से होने वाले दुष्परिणाम व जागरूकता हेतु नालसा द्वारा जारी योजना नालसा (डॉन ड्रग जागरूकता और कल्याण नेविगेशन ड्रग मुक्त भारत के लिये योजना 2025) के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। इसी के साथ ही म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, नालसा एप नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी दी व योजनाओं से संबंधित पेम्पलेट्स वितरित किये गये।

उक्त शिविरों के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, श्योपुर, श्री एस.एस भटनागर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बड़ौदा श्री ताराचंद धुलिया, व नगर परिषद के कर्मचारीगण, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पैरालीगल वालेंटियर्स, आगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



# आबकारी के 5 प्रकरण दर्ज, 1 लाख 63 हजार रूपये की अवैध शराब जब्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मदिरा के अवैध संग्रह, विक्रय, परिवहन पर कड़ा नियंत्रण रखने के लिए दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी श्री कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में श्योपुर जिले में अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले में आबकारी पुलिस द्वारा वृत्त श्योपुर के ग्राम ढोढर, हीरापुरा में दबिश दी गई। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्रवाई में 65 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गयी एवं लगभग 1500 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया। जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 163000 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री संजीव कुमार धुर्वे, मुख्य आरक्षक श्री कल्याण सिंह जादौन, आबकारी आरक्षक एवं होमगार्ड सैनिक उपस्थित रहें।

# सबकी सहभागिता से होगा सफल जल गंगा संवर्धन अभियान - संभाग समन्वयक

## गोहद और मेहगांव में जन अभियान परिषद के चंबल सम्भाग समन्वयक का भ्रमण



**भिण्ड ब्यूरो।** प्रदेश सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी अभियान है जल गंगा संवर्धन अभियान इस अभियान में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की समस्त गठित समितियां, मेंटर्स, छात्र भी सहभागिता कर रहे हैं और विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में ग्रामों में और भी अधिक से अधिक ग्रामवासियों की सहभागिता को सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे उक्त अभियान को सफल बनाया जा सके। उक्त बात मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के चंबल संभाग के संभाग समन्वयक श्री धर्मेंद्र सिसोदिया ने कही। वह भिंड जिले के मेहगांव और गोहद विकासखंड के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने मेहगांव विकासखंड के दोनियापुरा, देवरी, मेहगांव नगर और गोहद विकासखंड के कल्याणपुरा, पाली डिरमन और पिपरसाना ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ जिला समन्वयक श्री शिवप्रताप सिंह भदौरिया, विकासखंड समन्वयक श्री जयप्रकाश शर्मा और बृजेंद्र शर्मा सहित उक्त ग्रामों के सरपंच, तथा परिषद की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, मेंटर्स, छात्र और छात्राएं, समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि व ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक जयप्रकाश शर्मा और बृजेंद्र शर्मा ने किया। उक्त ग्रामों में बोलते हुए संभाग समन्वयक ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सरकार की योजनाओं को ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इस हेतु जन जागरूकता के कार्य निरंतर किया जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामों में चौपाल, जल स्त्रोतों की सफाई कार्यक्रम, स्वच्छता कार्यक्रम, बोरी बंधान आदि गतिविधियों के साथ-साथ दीवाल लेखन और रैली, जल संगोष्ठी आदि के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसमें सभी परिषद की इकाइयों की प्रमुख भूमिका है, यह कार्य निरंतर रहे। इस दौरान उन्होंने जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, वाचनालय, नर्सरी स्थलों का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही नर्सरी एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। जिला समन्वयक ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी लोग अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं उनकी देखभाल करने हेतु जागरूक करने को कहा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि दल को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

## नई तकनीकों व नवाचारों के साथ किसानों को मिलेगा मार्गदर्शन, कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के लिए 29 मई से 12 जून तक चलेगा अभियान

**भिण्ड ब्यूरो।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, सभापति कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत भिण्ड श्रीमती संजू भदौरिया, कृषक श्री अनार सिंह यादव ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से कृषि दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शासन की मंशानुरूप कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, नवविकसित फसल किस्मों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसाओं के आधार पर रसायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा वैकल्पिक उपयोग के



संबंध में जागरूक करना है। इसके साथ ही कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों का संकलन करते हुए अनुसंधान की कार्यनीति का निर्धारण करना है। अभियान के तहत वैज्ञानिकों तथा विषय-विशेषज्ञों के प्रत्येक दल के साथ ग्रामों में जाकर कृषकों को जागरूक करेंगे। यह कृषि दल भिण्ड जिले में आज भिण्ड, अटेर एवं मेहगांव विकासखण्डों के तीन-तीन ग्रामों में दल पहुंचकर किसानों को उन्नत कृषि एवं तकनीकों के संबंध में जागरूक करेंगे। इसके साथ ही दिनांक 30 मई 2025 को रौन, लहार एवं गोहद विकासखण्डों में अभियान संचालित होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष भारतीय किसान संघ भिण्ड श्री अवधेश सिंह कुशवाह, कृषि विज्ञान केन्द्र लहार प्रमुख डॉ एस.पी. सिंह, उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ करण वीर सिंह, सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी श्री अरविंद कुमार वर्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री गंभीर सिंह तोमर, मत्स्य पालन विभाग से श्री शिशुपाल सिंह धाकड़, तकनीकी सहायक श्री पंकज सविता, श्री गुड्डू भदौरिया सहायक ग्रेड-3, समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शनिवार को रिकॉर्ड सुधार के लंबित प्रकरणों में किया जाएगा सुधार का कार्य

## सभी हितग्राही अपने-अपने रिकॉर्ड में सुधार का कार्य कराने हेतु पहुंचे संबंधित तहसील में समस्त तहसीलदार/ नायब तहसीलदार अपनी तहसीलों में रहेंगे उपस्थित

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने आदेशित कर कहा है कि प्रायः यह देखने में आया है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार में भारी मात्रा में रिकॉर्ड सुधार के प्रकरण लंबित हैं। शनिवार को रिकॉर्ड सुधार के लंबित प्रकरणों में सुधार का कार्य किए जाने हेतु समस्त तहसीलदार/ नायब तहसीलदार अपनी तहसीलों में उपस्थित रहेंगे। सभी पटवारियों से रिकॉर्ड सुधार के लंबित प्रकरणों में रिपोर्ट शनिवार को ही प्रस्तुत कराई जावे। समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार यह भी सुनिश्चित करें कि शनिवार को मात्र रिकॉर्ड सुधार का ही कार्य किया जावे।

# लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन परिचय पर प्रदर्शनी का आयोजन

## सांसद श्री तोमर ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**श्योपुर ब्यूरो।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी समारोह मध्य प्रदेश सहित संपूर्ण भारत में मनाया जा रहा है इसी क्रम में आज नगरपालिका परिषद श्योपुर के तत्वाधान में नगरपालिका परिसर में लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन परिचय सहित उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिह सिसौदिया एवं श्री कैलाश नारायण गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, श्री



दिनेश दुबोलिया, श्री महेश राठौर, श्री सुजीत गर्ग, श्रीमती मंजेश साहू, श्री जयदीप तोमर सहित पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, सीएमओ श्री राधेरमण यादव भी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी समारोह अंतर्गत प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कुशल प्रशासक के साथ ही अपनी धर्म परायणता, राष्ट्रप्रेम, सेवा एवं प्रजा वात्सल्य के कारण साधारण से विशेष, राजरानी से लोकमाता और लोकमाता से देवी माँ अहिल्याबाई होल्कर बनने वाली देवी अहिल्या बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में किया गया है।

# तदर्थ समिति की बैठक आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जल निगम अंतर्गत क्रियान्वयन सहायक संस्था उन्नति फाउंडेशन के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत आज ग्राम श्रीजी की गावडी में ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति की बैठक आयोजित की गई। मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम श्रीजी की गांवड़ी में आयोजित बैठक के दौरान सरपंच श्री धर्मराज मीणा ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ (पेयजल समिति) स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमसीएम श्री राकेश शर्मा एवं संस्था प्रतिनिधि श्री शिशुपाल राजावत, श्री संतराम आर्य द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशशिप युवा संगम मेले का आयोजन आज

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशशिप युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम का आयोजन निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में आज 30 मई को प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री आशीष कुमार जैन ने बताया कि युवा संगम के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कंपनियो में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेगे। इस दौरान असिस्टेंट मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर, सैल्समैन, ऑफिस वर्कर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर, ऑपरेटर, फिटर, डीजल, शटरिंग, कारपेंटर आदि के पदो पर भर्ती की जायेगी। चयन के लिए नौकरी फाई डाट कॉम प्रायवेट लिमिटेड नोएडा, ईगल सिक्योरिटी एण्ड गुरूकृपा कंसलटेन्सी, एसबीआई क्रेडिट सॉल्यूशन गुना, मदरसन ऑटोमेटिव टेक्नोलॉजी एण्ड इंजीनियरिंग गुजरात, गैल इस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स गुना, जीएसएस मिल्स प्रायवेट लिमिटेड गुजरात, श्री राधे राइस मिल श्योपुर, एसबीआई लाइफ लाइन इंश्योरेन्स श्योपुर, एलआईसी श्योपुर, एससीएम ग्लोबल ओपीसी प्रायवेट लिमिटेड, साई कॉलनेट आदि कंपनियां उपलब्ध रहेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी योग्यता 5वी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक है, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित है। इस अवसर पर ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते है, उन्हें विभिन्न स्वरोजगार मूलक विभागों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा तथा शासन की ओर से दी जाने वाली सहायता एवं योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी।

# ग्वालियर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू

### कृषि वैज्ञानिकों के दलों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झण्डी, गाँव-गाँव में किसानों को सिखायेंगे उन्नत कृषि तकनीक



**ग्वालियर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के पहले दिन यानि 29 मई को जिले के गाँवों में उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी देने के लिये कृषि वैज्ञानिकों के चार दल विशेष वाहनों से रवाना हुए। प्रत्येक दल में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक शामिल हैं। यहाँ मेला रोड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र से जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत एवं सर्वश्री गिर्राज व्यास व रूपेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने हरी झण्डी दिखाकर वैज्ञानिकों के वाहनों को रवाना किया। ग्वालियर जिले में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा। यह अभियान भारत सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्रालय की पहल पर आयोजित हो रहा है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों के साथ-साथ कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन व कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी भी गाँव-गाँव पहुँचकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीक की बारीकियाँ बतायेंगे। कृषि वैज्ञानिकों के दल अभियान के प्रत्येक दिन जिले के हर विकासखंड की तीन पंचायतों में पहुँचेंगे और किसानों को खरीफ फसलों से संबंधित उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी देंगे। इस दौरान कृषकों के अनुभव एवं उनके द्वारा अपनाए गए नवाचारों का संकलन भी किया जायेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र से कृषि वैज्ञानिकों के दलों को रवाना करते समय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. वाय पी सिंह, उप संचालक कृषि श्री आर एस शाक्यवार, कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. एस के त्रिवेदी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, कृषि अनुसंधान परिषद के सदस्य श्री योगेश शर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री शैलेन्द्र सिंह एवं उप संचालक किसान कल्याण व कृषि श्री आर एस शाक्यवार ने बताया कि अभियान के दौरान कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, धान की सीधी बुवाई पद्धति व सोयाबीन फसल में मशीनीकरण इत्यादि के बारे में जानकारी दी जायेगी। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गईं विभिन्न फसलों के चयन व संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिये भी जागरूक किया जायेगा। इस दौरान किसानों से फीडबैक भी लिया जायेगा।

## महापौर डॉक्टर सिकरवार ने किया महाराणा प्रताप को नमन



**ग्वालियर।** महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने गोला का मंदिर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, जो हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार के साथ श्री राजेश तोमर, श्री राजा भदोरिया,श्री कल्लू तोमर,श्री सागर नाती ,श्री धर्मराज तोमर, श्रीमती आशा जी ,श्री राघवेंद्र राजावत ,श्री जितेंद्र भदोरिया ,श्री जयदीप फौजी सहित बड़ी संख्या में शहर वासियों ने महाराणा प्रताप को नमन किया।

## पड़ाव से गुरुद्वारा तक रोड को किया साफ, आमजन को दिलाया स्वच्छता का संकल्प






**ग्वालियर।** ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत पड़ाव से गुरुद्वारा तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत म्यूज फाउंडेशन एवं डिवाइन संस्था द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत पड़ाव से गुरूद्वारे तक माइक्रो डस्ट क्लीनिंग का कार्य किया गया रोड पर सभी दुकानदारों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा ना जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के वारे में समझाया गया, अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते हुए स्वच्छता का संकल्प लिया गया। टीम के द्वारा न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई, वहाँ उपस्थित जनमानस को जागरूक करते हुए स्वच्छता का संकल्प भी दिलवाया गया। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सुबह 7 बजे से दिनांक 30 मई को इंद्र गंज चौराहा से महाराज बाडा चौराहा तक मेगा ड्राइव पॉलीथिन नो प्लास्टिक जोन, दिनांक 31 मई को गुरुद्वारा से इंद्र गंज चौराहा पर जनभागीदारी द्वारा दीवारों पर चित्रकारी विषय वायु सुधार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# सफलता की कहानी

## महिलाऐं प्रदेश की योजनाओं से महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर भर रहीं है ऊंची उड़ान

### प्रत्येक महिलाऐं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर गर्व महसूस कर रही



**दतिया।** देश एवं प्रदेश के प्रत्येक महिला आज के समय में अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तिकरण को बढावा दे रहीं है। साथ ही जिन महिलाओं में आत्म विश्वास की कमी है, उसे दूर कर प्रेरणा स्त्रोत बन रहीं है। जिसके लिए केन्द्र और प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाऐं उन्हें पूर्ण रूप से सकारात्मक सहयोग देकर ऊंची उड़ान भरने में सहयोग देकर आर्थिक स्थिति में सुधार कर रही है। एसे ही दतिया के वार्ड क्रमांक 3 समूह की सदस्य श्रीमती बाल देवी अहिरवार आशीर्वाद स्व सहायता समूह में जुड़ी महिलाओं की कहानी है। श्रीमती बाल देवी अहिरवार ने बताया कि समूह में जुडने से पूर्व महिलाऐं बेरोजगार थी और अपनी जरूरते पूरी करने में असमर्थ थी। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी कम था। बैंक के कार्य करने कार्यायल में जाने में बात करने आदि में झिझकती थी एवं उनके पास कोई भी कार्य करने की योजना नहीं थी जिससे वे अपनी एवं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सके। महिलाएं आर्थिक समस्याओं के लिए परिवार पर निर्भर थी। सर्वप्रथम डे एनयूएलएम स्टाफ द्वारा महिलाओं का स्व सहायता समूह के बारे में जानकारी दी गई। 10 महिलाऐं स्व सहायता समूह का गठन करने के लिए तैयार हो गई और उन्होंने अपने समूह का नाम आर्शीवाद स्व सहायता समूह रखा। जिससे वह बैंकों का भी कार्य करने में समक्ष हो गई एवं शासकीय कार्यालय में किसी प्रकार का कार्य कराने के लिए उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। महिलाओं द्वारा अपनी रूचि अनुसार टिफिन सेंटर व्यावसाय आरंभ करने का प्रस्ताव रखा जिसके लिए उन्हें पूंजी की आवश्यकता थी। पूंजी के आभाव में वे अपना व्यवसाय आरंभ नहीं कर पा रही थी। फिर उन्हें बैंक के माध्यम से 50 हजार रूपये की राशि मिलने के बाद स्व सहायता समूह की सदस्यों ने मिलकर टिफिन सेंटर को नगरीय स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया। आज समूह की गतिविधि में सम्मिलित प्रत्येक सदस्य को 4 हजार से लेकर 5 हजार तक प्रतिमाह की आमदनी हो रही है।

समूह की सदस्य श्रीमती बाल देवी कहती है कि पहले हम अपनी तथा अपनी परिवार की छोटी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। परंतु आज हमारी ज्यादातर आवश्यकता अपने स्व सहायता समूह से पूरी हो जाती है। जिसे हमें अपने आप पर गर्व महसूस होता है। समूह की सभी सदस्यों का कहना है कि आर्शीवाद स्व सहायता समूह में जुड़कर हमने बचत का महत्व समझा तथा अभी तो यह शुरूवात है हम ऐसे ही आगे बढते जाने के लिए कृत संकल्पि है। साथ ही हम आज यहां तक पहुंचने में सफल हुए है। यह दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सहयोग से संभव हो सका है। इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करती हूॅ।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 30 मई को

**ग्वालियर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में 30 मई को आयोजित होगी। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में रखी गई है। बैठक में प्रधानमंत्री मिशन लाइफ, ब्लैक स्पॉट, शहर के लेफ्ट टर्न फ्री करने, वन-वे, सीसीटीव्ही कैमरा लगाने की प्रगति, हॉकर्स जोन का उपयोग, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के रूट, फैक्ट्रियों एवं स्कूलों में संचालित 52 सीटर बसों का मिनी बस में परिवर्तन सहित सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

## थाना डबरा सिटी पुलिस ने चोरी की घटना का पर्दाफाश कर आरोपी को राजगढ से चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर चोरों व नकबजनों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक (देहात) श्री निरंजन शर्मा द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी कर माल मशरूका की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देश दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाइच के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यशवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को दिनांक 14.12.2024 को साहू धर्मशाला के सामने ट्रेक्टर की सीट पर से चोरी गये थैले में रखे 80,000/- रुपये की बरामदगी कर आरोपी को पकड़ने हेतु लगाया गया। उक्त चोरी की घटना के अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दौराने विवेचना पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त चोरी का आरोपी ग्राम गुलखेडी थाना बोंडा जिला राजगढ का रहने वाला है। दिनांक 28.05.2025 को पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम गुलखेडी थाना बोंडा जिला राजगढ से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से उक्त चोरी की घटना के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये चोर के कब्जे से चोरी के 60,000/- रुपये व एक सफेद रंग की कार को विधिवत जप्त किया गया। थाना डबरा शहर पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को थाना के अपराध सदर में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय डबरा पेश किया गया।

**बरामद मशरूकाः-** चोरी के 60,000/- रुपये व एक सफेद रंग की कार।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यशवंत गोयल, प्र.आर0 रामवरन सिंह लोधी, आर0 गौरव यादव, आर0 शिवम पाल, आर0 धीरेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## खुशियों की दास्तां (महिला सशक्तिकरण)

### आजीविका मिशन से मुझे एक बार नहीं बार-बार सहारा मिला है...



**ग्वालियर।** अभावों से उबरकर आत्मनिर्भर बनने तक का सफर बयां करते हुए रेखा कहती हैं कि सरकार द्वारा संचालित आजीविका मिशन ने मुझे एक बार नहीं बार-बार सहारा दिया है। मिशन की बदौलत ही हम आर्थिक कठिनाईयों से उबरने में सफल हुए हैं। अब हमें आमदनी का स्थायी जरिया मिल गया है और हमारा परिवार खुशहाली के साथ जिंदगी बसर कर रहा है। ग्वालियर जिले की भितरवार तहसील के ग्राम गोहिंदा में श्रीमती रेखा सेन अपने परिवार के साथ रहती हैं। वे बताती हैं कि जब तक हम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से नहीं जुड़े थे। तब तक मेरा एवं मेरे परिवार का जीवन बड़ी कठिनाई में गुजरा। गाँव में गठित हुए भूमि आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद सबसे पहले मैंने सिलाई सेंटर के लिये 20 हजार रूपए समूह से लिए। सिलाई सेंटर से मुझे 4 हजार रूपए प्रतिमाह आमदनी मिलने लगी और धीरे-धीरे ब्याज सहित हमने ऋण की राशि चुकता कर दी। रेखा बताती हैं कि इसके बाद भैंस पालन के लिये समूह से मुझे 60 हजार रूपए मिले। इससे मेरे बच्चों को दूध-घी तो मिला ही, साथ ही लगभग 700 रूपए प्रतिमाह आमदनी भी होने लगी। आमदनी बढ़ी तो हमने 60 हजार रूपए भी ब्याज समेत चुकता कर दिए। एक दिन मेरे पति ने इच्छा जताई कि कहीं से पैसों का इंतजाम हो जाए तो मैं सैलून की दुकान खोल लूँ। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया कि आप चिंता न करें, पैसे का इंतजाम हम करेंगे। आजीविका मिशन के समूह ने एक बार मुझे फिर से सहारा दिया। समूह से एक लाख रूपए का ऋण लेकर मैंने अपने पति की तमन्ना पूरी कर दी। सैलून की दुकान से औसतन 10 हजार रूपए प्रतिमाह की आय होने लगी है, जिससे मेरे परिवार की गाड़ी अब आराम से चल रही है। आजीविका मिशन के प्रति धन्यवाद जाहिर करते हुए रेखा बोलीं कि यह मिशन महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन शुरू करने के लिये स्व-सहायता समूहों से जुड़ी दीदियाँ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति सदैव आभारी रहेंगीं।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के छात्रों ने कैंप में लिया महाराष्ट्र के जायके का आनंद

**ग्वालियर।** चौथे दिन के कैंप में छात्रों ने महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न पारंपरिक भोजन के बारे में जाना, पूरनपोळी बनाने की विधि सीखी, वर्ली आर्ट्स की पेंटिंग और वॉल हैंगिंग बनाए, पौधा सजाया।

**हा देश माझा...गीत और मराठी नृत्य का अभ्यास किया।**

अभिभावकों ने बताया कि÷ बच्चे घर जाकर भी मराठी भाषा ही बोल रहे हैं और महाराष्ट्र में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से भी फोन पर मराठी में ही बात कर रहे हैं ÷। छात्रों को कैंप में अल्पाहार भी प्रदान किया जा रहा है जिसमें कभी लस्सी तो कभी जलजीरा का लुफ्त भी बच्चे उठा रहे हैं। पांचवे दिन बच्चे मराठी व् व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगे।




## अचानक महाराजपुरा जोन पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने किया निरीक्षण, आदित्यपुरम में विद्युत उपभोक्ताओं से की बातचीत

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार की रात अचानक ग्वालियर महानगर के महाराजपुरा विद्युत जोन पहुंचकर विद्युत वितरण व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक भी मौजूद थे। ऊर्जा मंत्री ने महाराजपुरा विद्युत जोन पहुंचकर सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा ट्रिपिंग रजिस्टर को देखा। उन्होंने जोन कार्यालय परिसर में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के निर्देश दिए। श्री तोमर ने कार्यालय में उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों को देखा तथा मोबाइल द्वारा उपभोक्ताओं से समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आदित्यपुरम क्षेत्र पहुंचकर यहां के विद्युत उपभोक्ताओं से उनके घरों पर बातचीत की। साथ ही आदित्यपुरम में विद्युत लाइनों के ढीले तारों को कसवाने, ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर सुरक्षा प्रबंध के लिए जाली लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां के उपभोक्ताओं से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में भी जानकारी ली ऊर्जा मंत्री श्री तोमर दूसरे दिन ग्वालियर महानगर में विद्युत व्यवस्था का जायजा लेने आदित्यपुरम, आस्था नगर, हुरावली जोन में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। ऊर्जा मंत्री ने लोगों के द्वार-द्वार जाकर विद्युत व्यवस्था के बारे में बातचीत की। उन्होंने विधुत शिकायतकर्ताओं से फोन पर चर्चा की। ऊर्जा मंत्री ने ट्रांसफार्मर और तारों के दुरुस्तीकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सीएमएचओ ने किया क्लिनिक, एम्बुलेंस एवं उपस्वास्थ केंद्र का औचक निरिक्षण




**दतिया।** स्वास्थ्य ब्यबस्था जिले की सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके लिए आज गुरूवार को ब्लॉक भांडेर मे निजी क्लिनिक का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साहू क्लिनिक एवं कांति क्लिनिक संचालित पाई गई। जिसमे कांति क्लिनिक का पंजीयन ना होने के कारण बंद कराया गया एवं साहू क्लिनिक को अपनी पेथी मे इलाज करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद पंडोखर के पास एम्बुलेंस को चेक किया गया जिसमे आबश्यक दवाई ना होने के कारण नाराजगी ब्यक्त की गई। इसके बाद उपस्वास्थ केंद्र दलपतपुर का निरिक्षण किया गया। जिसमें एनक्यूएएस को देखा गया एवं सीएचओ को ब्यबस्था पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरिक्षण के दौरान डॉ आर एस परिहार बी एम ओ भांडेर डॉ राहुल चउदा, मुदित पाठक उपस्थित थे।

## एम पी ट्रांस्को के प्रशिक्षण वेबिनार श्रृंखला का शतक : कार्य दक्षता में आया गुणात्मक सुधार

**भोपाल।** कोविड महामारी के दौरान आरंभ हुई वेबिनार की एक पहल ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांस्को) के वर्क कल्चर को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे कार्मिकों की कार्य दक्षता में गुणात्मक परिवर्तन के साथ आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। अब 100 साप्ताहिक वेबिनार की श्रृंखला का यह चरण सफलतापूर्वक समाप्त हो चुका है। प्रारंभ में संकट के समाधान के रूप में शुरू की गई यह पहल, डिजिटल परिवर्तन और नवाचार की मिसाल बन गई। वेबिनार की इस श्रृंखला के दौरान, पूरे मध्यप्रदेश से 500 से अधिक कनिष्ठ फील्ड युवा अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों ने नियमित रूप से भाग लिया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले इन सत्रों में बिजली क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई। अधीक्षण अभियंता श्री सुनील यादव ने कहा कि यह वेबिनार केवल ज्ञान साझा करने का माध्यम नहीं रहे, बल्कि इन्होंने हमारी टीमों को सशक्त, आत्मविश्वासी और फील्ड में सटीक कार्य करने में अधिक प्रभावी बनाया। इस वेबिनार श्रृंखला की एक प्रमुख उपलब्धि वरिष्ठ और कनिष्ठ अभियंताओं के बीच बेहतर समन्वय रहा। इस सहयोगात्मक वातावरण ने ट्रांसफार्मर, ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किए। वेबिनारों के माध्यम से तकनीकी ज्ञान का स्थानांतरण और कौशल विकास संभव हो सका। प्रत्येक सत्र को क्षेत्रीय आवश्यकताओं और चुनौतियों के अनुसार तकनीकी या प्रबंधकीय विषय पर केंद्रित किया गया।

## नकली खाद का भंडारण पाए जाने पर एफआईआर दर्ज

**दतिया।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार जिले में उपसंचालक किसान कल्याण कृषि विकास अधिकारी के निर्देशन में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजकुमार यादव दतिया द्वारा विगत दिवस तहसीलदार दतिया एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड दतिया ने नकली खाद श्री रामकुमार साहू सेवढा द्वारा गोदाम में रखने की सूचना मिली जिस पर पूरी टीम द्वारा दबिश देकर गोदाम के मालिक से पूछताछ की परंतु बिना जबाव दिए श्री रामकुमार साहू दल को देखकर सपरिवार घर पर ही ताला लगाकर भाग गए। जिससे तहसीलदार दतिया द्वारा उक्त गोदाम को शील कर शीलिंग की सुपुर्दगी दी गई। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड दतिया द्वारा उक्त नकली खाद के संबध में श्री रामकुमार साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस के उत्तर एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए श्री रामकुमार साहू ने बताया कि नकली खाद मेरा नहीं है, यह गोदाम मैसर्स राकेश ट्रेडर्स प्रो. राकेश शर्मा निवासी निदान का कुआ सेवढा चुंगी दतिया को किराए पर दिया गया है। यह नकली खाद से मेरा कोई संबध सरोकार नहीं है तथा श्री रामकुमार साहू द्वारा शपथ पत्र 28 मई 2025 के आधार पर मैसर्स राकेश ट्रेडर्स प्रो. राकेश शर्मा को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दतिया द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए जबाव प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया। श्री राकेश शर्मा पुत्र श्री विवेक शर्मा के माध्यम से जबाव प्रस्तुत करते हुए लायसेंस की प्रति एवं देयक प्रति प्रस्तुत की गई है। प्रस्तुत लायसेंस पर गोदाम मंप भंडारित उक्त उर्वरक का ओ-फार्म इंद्राज न होने से उक्त उर्वकर अवैध भंडारण की श्रेणी में होकर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 8 का स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त प्रकरण में उपसंचालक कृषि दतिया द्वारा पत्र के माध्यम से अधोहस्ताक्षरित के आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया है। मैसर्स राकेश ट्रेडर्स प्रो. राकेश शर्मा द्वारा उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 8 का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने से उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया है।

# संपादकीय

## आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई

पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बेनकाब करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का पहला समूह विदेश दौरे पर रवाना हो गया। पहलगाम हमले और भारत-पास्तिान सैनिक संघर्ष के बाद विदेशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने की कार्रवाई को कूटनीतिक या राजनयिक पहल के रूप में रेखांकित किया जा सकता है। वास्तव में इसका उद्देश्य विश्व समुदाय को भारत की स्थिति से परिचित कराना, पाकिस्तान की प्रायोजित आतंकवाद की काली करतूत बताना और विश्व जनमत को अपने पक्ष में करना है। भारत इस पहल के जरिए आतंकवाद के मसले पर पूरी दुनिया को एकजुट करना चाहता है। इस तरह के राजनयिक प्रयासों से पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बनाकर सीमा पार आतंकवाद को नियंत्रित किया जा सकता है। वैश्विक आतंकवाद ऐसी समस्या है जिसके विरुद्ध को एक देश लड़ाई नहीं लड़ सकता। लोगों को याद रखना चाहिए कि 11 सितम्बर, 2001 को जब अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी हमला हुआ था तब राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। अमेरिका ने अलकायदा और ओसामा बिन लादेन को खत्म करने के लिए अफगानिस्तान पर हमला करके उसे तबाह कर दिया था। लेकिन क्षोभ इस बात होता है कि अमेरिका और पश्चिमी देश आतंकवाद के मुद्दे पर अलग-अलग नजरिया रखते हैं, जो उनके अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों से प्रेरित हैं। जब अमेरिका और पश्चिमी देशों पर आतंकवादी हमले होते हैं तो उन्हें खत्म करने के लिए वे किसी भी सीमा तक चले जाते हैं, लेकिन जब गैर-पश्चिमी देशें पर आतंकवाद का कहर फूटता है तो खामोश हो जाते हैं। भारत तो दशकों से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। अनेकों बार भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद में संलिप्त होने का पुख्ता प्रमाण भी दिया है, लेकिन विश्व समुदाय कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है। पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है। पूरी दुनिया जानती है। इसके बावजूद अमेरिका उसे आर्थिक मदद और व्यापारिक रिश्ते बनाए रखता है। याद रखना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में विश्व समुदाय का सहयोग बहुत महत्त्व रखता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से अमेरिका और पश्चिमी देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एकजुटता दिखाएंगे।

## धूम्रपान निषेध दिवस : 31 मई

# धुआं फैला रहा है जिन्दगी में जहर

(सुरेन्द्र शर्मा - विभूति फीचर्स)

सभ्यता के विकास के साथ आधुनिकता की जो आंधी चली है उससे हमारी जीवन शैली में काफी बदलाव आ गया है। भारत भर में करोड़ों व्यक्ति किसी न किसी रूप में धूम्रपान करते आ रहे हैं। धूम्रपान से फैलने वाले धुएं को अगर हमारे ऊपर मंडराती मौत की छाया कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। एक कड़वा सच तो यह है कि धूम्रपान के कारण ही मुंह के कैंसर से पीड़ित सर्वाधिक रोगी भारत में ही हैं। धूम्रपान एवं मद्यपान ऐसी बुरी लतें हैं जिनकी चपेट में आने के बाद युवाओं को इस बात का अहसास नहीं होता कि वे कदम-दर-कदम मौत के मुंह की ओर जा रहे हैं। सवाल यह पैदा होता है कि आखिर वे कौन-से कारण हैं जिनकी वजह से युवा इनका आदी हो जाता है। निश्चित तौर पर युवाओं में बढ़ती धूम्रपान-मद्यपान की लत आज केवल माता-पिता ही नहीं बल्कि समाज तक के लिए एक गंभीर खतरा बन गई है। इस बुराई के परिणामों से ऐसा नहीं है कि युवा वर्ग पूरी तरह से बेखबर हो बल्कि उसे इस बात का पूरा अहसास है कि प्रतिवर्ष हजारों लोग टी.बी. जैसी संक्रामक बीमारी की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं। एक अनुमान के अनुसार सारे देश में प्रतिवर्ष लगभग दस लाख लोग तंबाकू सेवन के कारण होने वाले रोगों का शिकार होकर मौत का ग्रास बन जाते हैं। इस तरह प्रतिदिन तकरीबन 300 लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन के कारण होती है। एक सर्वे के अनुसार भारत भर में दस वर्ष की आयु के ऊपर के लगभग 35 करोड़ लोग चाहे वह पुरुष हों या महिलाएं तम्बाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करते हैं। लेकिन आज के दौर में युवाओं में नशे की लत कुछ ज्यादा ही बढ़ रही है। जिसके मूल में कोई ना कोई समस्या है, चाहे वह बेरोजगारी या असफल प्रेम प्रसंग की हो या परीक्षा में असफलता की हो मगर कुछ युवा फैशन के तौर पर भी नशे के आदी होते प्रतीत हो रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार फेफड़ों में होने वाले सभी प्रकार के कैंसर में लगभग नब्बे प्रतिशत कैंसर धूम्रपान की वजह से होते हैं। अनुमान है धूम्रपान करने वालों में हृदय रोग भी सामान्य की अपेक्षा दो गुना ज्यादा बढ़ सकता है।

एक सिगरेट पीने से हमारी आयु साढ़े चार मिनट कम हो जाती है। सिगरेट में लगभग एक हजार प्रकार के रसायन होते हैं। मगर फिर भी हमारी युवा पीढ़ी, हमारे करोड़ों नागरिक किसी न किसी तरीके से इस मौत के धुएं के आदी हैं चाहे वह बीड़ी, सिगरेट या तम्बाकू ही क्यों न हो। हम यह भी नहीं कह सकते, हमने अपने आपको बदलने का कोई प्रयास नहीं किया। पर हमारा देश भी पश्चिमी देशों के समान भौतिकवादी युग में पहुंच गया है। प्राचीनकाल से भारतीय आध्यात्मिक विकास की दौड़ में, चरित्र निर्माण की दौड़ में आगे रहे हैं पर आज येन-केन प्रकारेण किसी भी तरह सब कुछ प्राप्त करो की दौड़ ने हमें कहीं का नहीं रखा है। अब हमको धूम्रपान के बारे में भाषण की जरूरत नहीं बल्कि कुछ गहराई से सोचना होगा। कम करना होगा धुएं में उड़ती जिंदगी को वरना धुएं के आदी करोड़ों लोग अपने आस-पड़ोस को भी धुएं में तैरते जहर का आदी बना डालेंगे।



धूम्रपान का जिंदगी से बढ़ता खिलवाड़ कम करना होगा, चाहे आपसी समझाईश से हो या कठोर कानून के जरिए। वरना प्रतिवर्ष यों धूम्रपान निषेध दिवस मनाकर लम्बे-चौड़े भाषण के जरिए इसको मिटाने की कोई कोशिश कारगर नहीं होगी। परिवर्तन की आंधी आखिर चलनी चाहिए, वरना इस दिन को मनाने का कोई औचित्य न होगा। धुएं में तैरता जहर हमारी जिंदगी में यों ही विष घोलता रहेगा और हम चुपचाप जिंदगी से होती खिलवाड़ यों ही देखते रहेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -063


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 062 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## जीवन के रंगमंच पर बिगड़े बोल

(सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)

जीवन के इस रंगमंच पर अभिनय की अपनी लाचारी, पर्दा उठता पर्दा गिरता, आते हैं सब बारी बारी । निस्संदेह रंगमंच हो या वास्तविक जीवन । वैचारिक अभिव्यक्ति की इसमें बड़ी भूमिका होती है। यही स्थिति चित्रपट की है। फ़िल्म चाहे कोई भी हो, उसमें कथानक के साथ अभिनेता या अभिनेत्री द्वारा बोले जाने वाले संवादों की चर्चा अधिक होती है। मसलन शोले फ़िल्म भले ही कसी हुई कहानी में किरदारों के प्रभावपूर्ण अभिनय से चर्चा में रही तथा गली मोहल्लों में उसकी कहानी ग्रामोफ़ोन पर काले तवे के रिकार्ड से चर्चित हुई, फिर भी गब्बर सिंह द्वारा बोले गए संवादों ने खलनायक के किरदार में जान डाल दी, जब उसने पूछा - कितने आदमी थे ज सरदार दो ज क्या सोच कर आए थे ज. सरदार खुश होगा ज शाबाशी देगा ज क्यूँ ज जो डर गया ज समझो मर गया। इसी प्रकार अभिनेता राजकुमार उत्कृष्ट संवाद अदायगी के बल पर फ़िल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाए हुए थे। बलराज साहनी, अमिताभ बच्चन हों या शत्रुघ्न सिन्हा विशिष्ट संवाद अदायगी से ही फिल्म जगत में पहचान बनाने में समर्थ हुए। संवाद केवल फिल्मों में ही नही, वरन सामाजिक और राजनीतिक जीवन में भी व्यक्ति को पहचान दिलाते रहे हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्वाधीनता संग्राम में बोला गया एक संवाद - तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, लम्बे समय तक आम भारतीय की रगों में बहने वाले खून की गर्मी का एहसास कराता रहा। संवाद कहीं अभिप्रेरक की भूमिका का निर्वाह करते हैं, कहीं किसी के व्यक्तित्व के आकलन करने में समर्थ। कोई नायक है या खलनायक इसकी पहचान सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उसके द्वारा बोले गए संवादों से ही होती है। आजकल राजनीति में संवादों की भूमिका कुछ अलग तरह की हो गई है। पता नहीं चलता, कि संवाद अदायगी के पीछे संवाद बोलने वाले की मंशा क्या है ? कभी किसी ने महात्मा गांधी के संबंध में एक संवाद बोला था, उस संवाद से संवाद बोलने वाले को देश विदेश में भरपूर ख्याति मिली। उसके बाद तो ऐसे संवाद बोलकर लोगों में जैसे सुर्खियां बटोरने की होड़ सी मच गई थी । सबने अपने अपने तरीके से संवाद बोलने शुरू कर दिए। उनके संवाद से किसी की भावना आहत होगी या सामाजिक समरसता में दरार आएगी, इसका विचार किसी ने नहीं किया। यदि विचार करके सोच समझकर संवाद बोले जाते हैं, तब उन्हें सुर्खियां नहीं मिलती। सुर्खियां उन्हीं संवादों पर मिलती हैं, जो समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हों, जिनसे किसी की भावनाएं आहत होती हों। राजनीति चलती ही बिगड़े बोल के आधार पर है। किसी के मुख से किसी के प्रति बिगड़े बोल निकल गए, तो समझिए कुछ समय के लिए नेताओं को रोजगार मिल गया। धरना प्रदर्शन करने और नेतागिरी चमकाने का अवसर प्राप्त हो गया। बिगड़े बोल चाहे सार्वजनिक स्थल पर जाएं या संसद की बड़ी हवेली में, लोग कान लगाए बैठे रहते हैं, कि कोई कुछ बोले और लोग क्रिया की प्रतिक्रिया देने के लिए सड़क पर उतर आएं। बिगड़े बोल भी इसीलिए बोले जाते हैं ताकि लोग बिगड़े बोल बोलने वाले को चर्चा के केंद्र में रखें। रातोंरात पब्लिसिटी पाने में भी बिगड़े बोल बिना विज्ञापन में पैसा खर्च किए दूर दूर तक प्रसिद्धि दिला देते हैं। सोशल मीडिया से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक लम्बी बहस शुरू हो जाती है और ऐसे ऐसे लोग विशेषज्ञ बनकर अपनी राय देने लगते हैं, जिन्हें न इतिहास की जानकारी होती है और न भूगोल की।



# पुनः दस्तक देता कोरोना : सबक भूले तो संकट फिर सामने

(नरेंद्र शर्मा परवाना-विभूति फीचर्स)



साथियों, महामारी का वह भयावह दौर जब याद आता है, तो रूह कांप जाती है। 2020 की वह सुबहें और शामें, जब पूरे विश्व में सन्नाटा पसरा था, मानवता सांस रोककर जी रही थी। जब कोरोना ने दस्तक दी, तब केवल भारत ही नहीं अमेरिका, इटली, ब्राजील, स्पेन, चीन, रूस जैसे विकसित और विकासशील देश भी घुटनों पर आ गए। स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई, अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं और इंसान की जिंदगी ठहर सी गई थी। लाखों लोग इस अदृश्य दुश्मन के शिकार बने। कोई देश नहीं बचा इस संकट से चाहे अमेरिका की उन्नत चिकित्सा हो या इटली की अनुशासित व्यवस्था, ब्राजील का खुलापन हो या भारत की विविधता सब कुछ इस अदृश्य राक्षस के आगे निष्क्रिय हो गया। अस्पतालों में बिस्तर नहीं थे, श्मशानों में लकड़ियां कम पड़ गईं, और दिलों में उम्मीदें सूखती चली गईं।

**यह सिर्फ वायरस नहीं था यह एक वैश्विक चेतावनी थी।**

इस त्रासदी के बीच कई कहानियां अनकही रह गईं, कुछ बेहद निजी तो कुछ बेहद जनसामान्य। मेरे मित्र राजेन्द्र वर्मा खुबड्डू, एक संवेदनशील कार्टूनिस्ट, भी इस पीड़ा से गुज़रे। उनकी पत्नी कोरोना पीड़ित नहीं थीं, लेकिन देशभर में मेडिकल संसाधनों की अफरातफरी और असंवेदनशील व्यवस्था के कारण उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पाया। उन्हें देखना पड़ा अपनी जीवन संगिनी को अस्पताल की बेरुखी के बीच दम तोड़ते हुए। यह उनकी नहीं, हजारों-लाखों की कहानी है, जो आंसुओं से नहीं, आंकड़ों में दर्ज की गई।

**पर क्या हमने इन आंकड़ों से सबक लिया? शायद नहीं।**

आज, पांच साल बाद, कोरोना फिर लौट आया है नए वेरिएंट, नए लक्षण और फिर वही पुरानी लापरवाहियां। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि यह वेरिएंट तेज़ी से फैलता है, लक्षण कुछ अलग हैं, पर खतरा अब भी मौजूद है। मीडिया में 'डरने की जरूरत नहीं' के सुकून भरे वाक्य गूंज रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सतर्कता की जरूरत अब और भी ज्यादा है। हम भूल गए हैं कि यह सिर्फ एक बीमारी नहीं, संपूर्ण जीवनशैली की परीक्षा है। पिछली बार इसने दुनिया की आर्थिक नब्ज पर प्रहार किया था। लाखों नौकरियां गईं, मानसिक स्वास्थ्य संकट में आ गया, बच्चे स्कूल से दूर हुए और माता-पिता मोबाइल की स्क्रीन में बच्चों का भविष्य पढते रह गए। शरीर ही नहीं, समाज भी बीमार पड़ा था। आज फिर वही द्वार खुल रहा है। पर इस बार हमारे पास अनुभव है, विज्ञान की समझ है, और सबसे बढ़कर, विकल्प हैं। मास्क पहनना, हाथ धोना, भीड़ से बचना, स्वास्थ्य जांच कराना यह सब दिखावे की नहीं, जीवन की ज़रूरतें हैं। हमारे विभागों की आदत है बाढ़ आने के बाद नावों की मरम्मत करना। पर हमें यह आदत नहीं अपनानी। अपने घर में बच्चों को आदत डालें, खाने से पहले हाथ धोने की, सर्द-ठंडी चीज़ों से दूरी रखने की, खांसी-बुखार को नज़र अंदाज़ न करने की। यह सब छोटे कदम हैं, पर यही बचाव की दीवार बनाते हैं।

**उपसंहार में यही कहना चाहूँगा**

इस बार न रोए कोई राजेन्द्र। इस बार इलाज से न हारे कोई इंसान। हम अगर जागरूक रहें, तो कोरोना दोबारा इतिहास बन जाएगा वर्तमान नहीं।

**महावाक्य**

# राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिज़ल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा, आपकी एक गलत बात आपको परेशानी में डाल सकती है।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवी मजबूत बनेगी, ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे। सहयोगियों से हर संभव मदद मिलती रहेगी। सगे -संबंधियों से आपको सहायता मिल जाएगी। आज किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको छोड़ना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है, किन्तु अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जायेगा। जॉब के कुछ अच्छे ऑफर आज आपको मिल सकते हैं। जहां जरूरत होगी, वहां समझौता करने के लिए आज आप तैयार रहेंगे।

**कर्क**

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

**सिंह**

आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखेंगे। किसी भी बात के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। जीवनसाथी के साथ आपकी तालमेल अच्छी बनी रहेगी। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आपकी धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। आज आपके खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। आज बेकार में समय न गवाकर कुछ न कुछ काम करते रहें।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे 7 बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। परिवार के लोगों के साथ आप घूमने जाने की योजना बनाएंगे।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे के धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आखिरकार आपको छुटकारा मिल जाएगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आप जीवन साथी के साथ परिवार की भलाई के लिए कार्य करते हुए नजर आएंगे और सदस्यों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। पिताजी आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए धन खर्च करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचाहुआ काम आज पूरा हो जायेगा। समाज मे आज आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे। आज परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सक्षम रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। सेहत के लिए मोर्निंग वाक आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज अचानक हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगा।


**मीन**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। आज की शाम अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या घूमना आपको सुकून देगा और खुशमिजाज बनाए रखेगा। रात को अपने मित्रों से आप फोन पर काफी देर तक बातचीत करेंगे।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विशेष

# राष्ट्र की विरासत है हिंदी पत्रकारिता

**- हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र के सशक्तीकरण तक हर दौर में समाज का मार्गदर्शन किया है। लेकिन आज इस क्षेत्र के समक्ष विश्वसनीयता, भाषा की शुद्धता, डिजिटल प्लेटफार्मों पर सनसनी और सूचनाओं की सत्यता जैसी गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। ऐसे समय में पत्रकारिता को न केवल सूचना का स्रोत, बल्कि विवेकपूर्ण और विचारोत्तेजक संवाद का माध्यम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर जानते हैं कैसा रहा अतीत से लेकर आज तक के पत्रकारिता का सफर और मौजूदा परिवेश में क्या हैं उसके समक्ष पनपती चुनौतियां..?**



डॉ. केशव पाण्डेय

30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि समकालीन पत्रकारिता के सामने उपस्थित चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर विचार करने का भी उपयुक्त समय है। यह वह दिन है जब भारत में प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन आरंभ हुआ था, जिसने भारतीय जनमानस को जागरूक करने की दिशा में एक सशक्त पहल की थी। 30 मई, यह तारीख भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में मील का पत्थर है। 1826 में इसी दिन कलकत्ता के बड़ा बाजार इलाके से पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा देश का पहला हिंदी समाचार-पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' प्रकाशित किया गया। यह साप्ताहिक अखबार था और हर मंगलवार के दिन पाठकों तक पहुंचता था। सीमित साधनों और कठिन परिस्थितियों में शुरू हुई यह पहल आज हिंदी पत्रकारिता के विशाल और विविधतापूर्ण संसार का आधार बनी। कारण स्पष्ट है कि भारत का पहला हिंदी साप्ताहिक समाचार-पत्र था 'उदन्त मार्तण्ड',जो अंग्रेजी और फारसी समाचार-पत्रों के प्रभुत्व वाले उस दौर में हिंदी में समाचार-पत्र निकालना एक क्रांतिकारी कदम था। सीमित संसाधनों, भाषाई उपेक्षा और पाठकों की संख्या कम होने के बावजूद यह प्रयास भारत में हिंदी पत्रकारिता के बीज बोने जैसा था। यद्यपि यह पत्र आर्थिक कठिनाइयों के कारण केवल 79 अंकों के बाद बंद हो गया, लेकिन इसने पत्रकारिता में हिंदी की उपस्थिति दर्ज कराई। हिंदी पत्रकारिता दिवस केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, उस पहली आवाज़ की, जिसने हिंदी में जनचेतना का बीज बोया। उदन्त मार्तण्ड के बाद हिंदी पत्रकारिता ने धीरे-धीरे अपनी गति पकड़ी। 19वीं सदी के उत्तरार्ध और 20वीं सदी के पूर्वार्ध में कई प्रतिष्ठित हिंदी समाचार पत्रों का जन्म हुआ। 'हिंदुस्तान', 'अभ्युदय', 'कर्मवीर', 'प्रभा', और 'आज'। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी पत्रकारिता ने जनजागरण और राष्ट्रभक्ति की भावना को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। आजादी के बाद हिंदी पत्रकारिता ने अपने सरोकारों का विस्तार किया। जनपक्षधरता, सामाजिक विषमता, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, साहित्य और संस्कृति जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श प्रारंभ हुआ। प्रिंट मीडिया के साथ-साथ रेडियो और टेलीविजन पर भी हिंदी समाचारों की उपस्थिति मजबूत होती गई।




21वीं सदी यानी आधुनिक युग में जब डिजिटल मीडिया ने पत्रकारिता के स्वरूप को बदल दिया तो हिंदी पत्रकारिता ने भी स्वयं को नए कलेवर में ढाला। आज हिंदी समाचार पोर्टल्स, मोबाइल ऐप्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी पत्रकारिता की दमदार उपस्थिति है। 'दैनिक जागरण', 'हिंदुस्तान', 'अमर उजाला', 'राजस्थान पत्रिका', 'भास्कर' जैसे अखबारों ने न केवल प्रिंट में बल्कि डिजिटल माध्यमों में भी करोड़ों पाठकों से सीधा संवाद कायम किया है। आज, जब डिजिटल युग में पत्रकारिता की परिभाषाएँ बदल रही हैं, तब आवश्यक है कि हम अपनी मूल पत्रकारिता परंपराओं को स्मरण करें। जहाँ समाचार संप्रेषण के साथ जनजागरण, सामाजिक सरोकार और नैतिक जिम्मेदारी भी पत्रकार का धर्म मानी जाती थी। भारतीय समाचार पत्र दिवस 2025 का विषय ÷डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया की भूमिका÷ पर केंद्रित है। यह विषय डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के तेज़ी से विकास के बीच प्रिंट मीडिया की निरंतर प्रासंगिकता और अनुकूलन पर प्रकाश डालता है। आज हिंदी पत्रकारिता पहले की तुलना में कहीं अधिक सशक्त, तकनीकी रूप से सक्षम और जन-प्रभावी है, लेकिन इसके समक्ष कई चुनौतियाँ भी हैं। इनमें प्रमुख हैं, सूचनाओं की सत्यता और विश्वसनीयता बनाए रखना, टीआरपी या क्लिक की दौड़ में मूल पत्रकारिता मूल्यों का क्षरण, और भाषाई शुद्धता की उपेक्षा। इसके अलावा छोटे और स्वतंत्र पत्रकारों के लिए संसाधनों की कमी, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुँच की सीमाएँ भी चिंता का विषय हैं। बावजूद इसके यह भी एक सच्चाई है कि हिंदी पत्रकारिता में संभावनाओं का संसार अनंत है। भारत में हिंदी बोलने और पढ़ने वालों की संख्या करोड़ों में है, और यह निरंतर बढ़ रही है। यदि पत्रकारिता जनसरोकारों से जुड़ी रहे, सत्य और निष्पक्षता को अपना धर्म बनाए रखे, तो हिंदी पत्रकारिता समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक बन सकती है। कह सकते हैं कि हिंदी पत्रकारिता दिवस हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब 'उदन्त मार्तण्ड' ने हिंदी में पत्रकारिता का शुभारंभ किया। यह दिवस हमें आत्मचिंतन का अवसर देता है कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य सूचना देना नहीं, बल्कि सही सूचना देकर समाज को सजग, संवेदनशील और समृद्ध बनाना है। आज जब हम डिजिटल युग के नए द्वारों पर खड़े हैं, तो यह आवश्यक है कि हिंदी पत्रकारिता अपनी जड़ों को न भूलते हुए तकनीकी नवाचारों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। हिंदी बोलने-पढ़ने वालों की बढ़ती संख्या और तकनीकी संसाधनों की व्यापकता इस भाषा की पत्रकारिता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम है, बस शर्त यही है कि पत्रकारिता अपने मूल सरोकारों से विचलित न हो।

हिंदी पत्रकारिता दिवस केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है उस पहली आवाज़ की, जिसने हिंदी में जनचेतना का बीज बोया। आज आवश्यकता है उस परंपरा को आगे बढ़ाने की, ईमानदार, जनपक्षधर और संवेदनशील पत्रकारिता के माध्यम से। यही हमारी जिम्मेदारी है, और यही हिंदी पत्रकारिता की सच्ची सेवा। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर यही संकल्प होना चाहिए कि हम पत्रकारिता को न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम बनाएं, बल्कि उसे जन-जागरण, जन-सशक्तिकरण और लोकतंत्र की मजबूती का प्रभावशाली उपकरण भी बनाएं। आज आवश्यकता है उस परंपरा को आगे बढ़ाने की, ईमानदार, जनपक्षधर और संवेदनशील पत्रकारिता के माध्यम से। यही हमारी जिम्मेदारी है, और यही हिंदी पत्रकारिता की सच्ची सेवा। क्योंकि हिंदी पत्रकारिता हमारी विरासत है और इसे संभाल कर रखना और वर्चस्व को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर में : उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन






**रीवा,कासं.।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लोकमाता में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी। उनके चरित्र के स्मरण मात्र से मन गर्व और श्रद्धा से भर जाता है। उनके द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्य सर्वदा याद किए जाते रहेंगे। लोकमाता के चरित्र का अनुसरण करने से व्यक्ति के मन में जो संस्कार आएंगे उससे वह वैसा ही व्यवहार करेगा और भारत को विश्वगुरू बनाने का संकल्प पूरा होगा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृतज्ञ देश लोकमाता अहिल्याबाई का पुण्य स्मरण कर रहा है। उनकी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था, कौशल व धार्मिक प्रवृत्ति का लोहा सम्पूर्ण विश्व मानता है। स्टीवन गार्डन ने लोकमाता के बारे में अपनी राय देते हुए लिखा है कि वह न्यायप्रिय सुशासन व धर्म परायण शासक थीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ सहित अनेक ज्योतिर्लिंगों के मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य कर सनातन को दृढ़ता प्रदान की। जिससे हमारा देश मजबूत हुआ। उन्होंने धर्म की ध्वजा को सामने रखकर आंतरिक सुरक्षा को भी मजबूत किया। घाटों का निर्माण कराकर जल संरक्षण का संदेश दिया। शासक से सुशासक बनकर राजमाता लोकमाता बनीं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में लोकमाता के विचारों का अनुसरण कर देश को समृद्धशाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। आर्थिक समृद्धि के साथ कृषि के क्षेत्र में समृद्धशाली बनकर आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकॉनामी के तौर पर स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री जी समर्पण भाव से देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमने अपनी आंतरिक सुरक्षा का भी लोहा मनवाया है। हमारे देश के सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधि मण्डल दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर की कहानी बता रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने लोकमाता के 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोकमाता द्वारा स्थापित मापदण्डों को आत्मसात करें और 300 वर्ष पूर्व एक वीरांगना नारी द्वारा स्थापित मापदण्डों का स्मरण करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रो. राजेन्द्र कुड़रिया ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने 28 वर्ष के शासनकाल में 5827 धार्मिक स्थलों का पुनरूद्धार किया। उन्होंने धार्मिक भावना से ऊपर उठकर समरसता के भाव से कार्य किए। कुलगुरू ने कहा कि सनातन धर्म एक विचार है जो सभी को लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। गंगा जैसी निर्मल चरित्र वाली अहिल्याबाई लोकमाता के साथ पुण्य श्लोका भी कहलाईं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ऐसी विरली महिला थीं जो सामान्य घर में पैदा होकर राजरानी बनीं और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य कर लोक कल्याण के कार्यों के कारण लोकमाता कही जाने लगीं। उन्होंने राजधर्मों के पालन के साथ देव स्थानों के पुनरूद्धार का कार्य किया। 300 वर्ष पूर्व नारी सशक्तिकरण की दिशा में उन्होंने अनेक कार्य किए। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई 300 वर्ष बाद भी स्मरणीय हैं। उनका जीवन प्रेरणास्त्रोत है। उनके साहस, वीरता व समाजसेवा की भावना ने उन्हें लोकमाता बनाया। आज हर बेटी को अपने में अहिल्याबाई की झलक देखनी होगी तभी बेटियों व महिलाओं में सशक्तिकरण की भावना और ज्यादा मजबूत होगी। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन विषय प्रवर्तन करते हुए कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि लोकमाता का चरित्र प्रेरणादायक व अनुकरणीय है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

स अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, संजय द्विवेदी, राजेश सिंह सहित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, आचार्यगण, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन केके तिवारी द्वारा किया गया।

# भारत सरकार की संयुक्त सचिव ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

## नियत समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं - संयुक्त सचिव फरीदा एम नायक



**रीवा,कासं.।** भारत सरकार की संयुक्त सचिव फरीदा एम नायक ने रीवा, मऊगंज व सतना जिले में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की गत दिवस प्रगति की समीक्षा की। रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में संयुक्त सचिव ने निर्देश दिए कि शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना में नियत समय में सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं ताकि हर घर को स्वच्छ जल नल के माध्यम से मिलने लगे। बैठक में रीवा बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि रीवा एवं मऊगंज जिले के 1613 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे। अभी तक योजना में 75 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है। मार्च 2026 तक इस योजना के कार्य पूर्ण करा लिए जाएंगे। इसी प्रकार टमस ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में 675 सम्मिलित ग्रामों में लाभ मिलेगा। अभी तक 67 प्रतिशत कार्य पूरा कराया जा चुका है। इंटेक वेल जलशोधन संयंत्र, पाइपलाइन बिछाने व टंकियों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर बताया गया कि रीवा बाणसागर, टमस ग्रामीण समूह योजना तथा कंदैला जल प्रदाय योजना से 2.79 लाख नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सतना जिले में बाणसागर परियोजना-2 के तहत 64 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2026 तक इस योजना के कार्य पूर्ण होंगे। संयुक्त सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण पाइपलाइन बिछाई जाए ताकि लीकेज की संभावना न रहे। उन्होंने प्रगति की अद्यतन जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित करने के निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, ग्राम पंचायतों व स्वास्थ्य केन्द्रों में भी पानी पहुंचाने की सुनिश्चितता की जाए। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस सहित महाप्रबंधक जल निगम रीवा चित्रांशु उपाध्याय, महाप्रबंधक सतना, कार्यपालन यंत्री, पीएचई संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीएचई मैकेनिकल डीके कनेल, जल निगम व पीएचई के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत ने त्योंथर में की जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

**रीवा,कासं.।** जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जनपद पंचायत त्योंथर में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर, परियोजना अधिकारी मनरेगा, सहायक यंत्री मनरेगा, उपयंत्री, एपीओ, एएओ, ग्राम पंचायत के सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, मनरेगा में श्रम नियोजन के कार्यो में प्रगति लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे, जियो टैग, आवास पूर्णता एवं मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय सीमा में कराएं। सभी ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक समग्र आईडी में ई केवाईसी कार्य अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करें। अनुपस्थितों को नोटिस जारी - सीईओ जिला पंचायत ने समीक्षा बैठक से अनुपस्थित जनपद पंचायत त्योंथर के ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित ग्राम पंचायत सचिव कोरावं प्रभाकर दुबे, सचिव बारीकला श्यामाचरण मिश्र, सचिव मांगी मनोज शुक्ल, सचिव अतरैला-11 मोहितलाल कोल, सचिव गढ़ी देवेन्द्र तिवारी, सचिव रजहा अमर सिंह, सचिव सूती अरविन्द सिंह सूती तथा ग्राम पंचायत सचिव अमिलकोनी रामचन्द्र द्विवेदी को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक से अनुपस्थित ग्राम रोजगार सहायक नौवास्ता श्रीमती उमा पाण्डेय, किरण तिवारी ऊँचीऔनी, किरण मिश्रा बाजरा, पंकज विश्वकर्मा घुमा, वीरेन्द गौतम कोनीखुर्द, सुशील गौतम अमिलिया, मनोज मुड़हा खाम्हा, मारुती नंदन तिवारी पुरवा मनीराम एवं ग्राम रोजगार सहायक कोरांव गणेश मिश्र को सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आज विभिन्न बैठकों का आयोजन

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 30 मई को विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से शिक्षकों के स्वत्वों के भुगतान के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक आहूत की गई है। इसी क्रम में दोपहर 12 बजे से वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व जिले की सभी सड़कों की मरम्मत के संबंध में बैठक होगी जबकि शाम 4 बजे हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा के उपरांत शाम 4.30 बजे आदिमजाति कल्याण विभाग से संबंधित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रकरणों में राहत राशि के आवंटन वितरण की समीक्षा की जायेगी।

# डाक विभाग में एजेंट चयन की अंतिम तिथि आज

**रीवा,कासं.।** भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जा रहे हैं। अधीक्षक डाक संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार 30 मई तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11.30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर सिरमौर चौक रीवा में उपस्थित हो सकते हैं। आवेदक जो 10वीं पास हो व कम्प्यूटर का ज्ञान हो वह इंटरव्यू में भाग ले सकते है।



## संक्षिप्त समाचार

### रेडिको खेतान ने सार्वजनिक विरोध के बाद 'त्रिकाल' व्हिस्की ब्रांड वापस लिया

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत की अग्रणी शराब निर्माता कंपनियों में से एक रेडिको खेतान ने धार्मिक समूहों, सोशल मीडिया यूजर्स और राजनीतिक हस्तियों की आलोचना के बाद अपने नए लॉन्च किए गए व्हिस्की ब्रांड त्रिकाल को वापस लेने की घोषणा की है। दावा किया गया था कि इस ब्रांड का नाम और छवि धार्मिक भावनाओं को आहत करती है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कंपनी ने कहा, हम सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक गौरवशाली भारतीय कंपनी हैं। इस भूमि पर जन्मी, इसके लोगों द्वारा निर्मित और इसके मूल्यों को बनाए रखने के लिए समर्पित। हम हर भारतीय की भावनाओं को अपने दिल के करीब रखते हैं और हमारी साझा पहचान के लिए बोलने वाली हर आवाज का सम्मान करते हैं। हम समझते हैं कि ब्रांड के नाम को लेकर चिंताएं जताई गई हैं। एक जिम्मेदार और संवेदनशील संगठन के रूप में, आंतरिक समीक्षा के बाद, हमने ब्रांड को वापस लेने का फैसला किया है। नाम के पीछे की प्रेरणा को समझाते हुए, कंपनी ने कहा कि त्रिकाल संस्कृत से आया है और इसका अर्थ है तीन बार - अतीत, वर्तमान और भविष्य का जिक्र। यह प्रगति और नवाचार को गले लगाते हुए भारत की समृद्ध विरासत का सम्मान करने में हमारी गहरी जड़ें जमाए हुए विश्वास को दर्शाता है। त्रिकाल कभी भी सिर्फ एक नाम नहीं था - इसका उद्देश्य भारत की कालातीत भावना, हमारे कारीगरों के हाथों और हमारी संस्कृति की आत्मा को श्रद्धांजलि देना था। इस बात पर जोर देते हुए कि यह निर्णय पूरी तरह से व्यावसायिक नहीं था, बयान में आगे कहा गया, यह केवल व्यावसायिक निर्णय नहीं है। यह सम्मान, प्रतिबिंब और हमारे लोगों और हमारे देश की भावनाओं का सम्मान करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का संकेत है। उल्लेखनीय है कि 3,500 से 4,500 रुपए की कीमत वाली सिंगल माल्ट व्हिस्की के लॉन्च के तुरंत बाद विवाद शुरू हो गया। बोतल पर लगे टील रंग के लेबल पर बंद आंखों वाले चेहरे और माथे पर एक चक्र की रेखा-खींची गई आकृति थी - जिसे कई लोगों ने भगवान शिव की तीसरी आंख जैसा समझा। धार्मिक नेताओं और सनातन धर्म संगठनों सहित आलोचकों ने त्रिकाल नाम पर आपत्ति जताई, जिसका तर्क था कि हिंदू देवता शिव से जुड़े पवित्र अर्थ हैं।

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 81,500 स्तर से ऊपर

**मुंबई ,एजेंसी।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच गुरुवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी और मेटल सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.29 बजे, सेंसेक्स 237.56 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 81,549.88 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 57.00 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 24,809.45 पर था निफ्टी बैंक 86.95 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 55,503.95 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 105.80 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 57,247.20 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 85.20 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,869.20 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और फिर भी इंडिया विक्स में भी गिरावट रही। यह नीचे की ओर सुरक्षा के लिए मांग की कमी को दर्शाता है, जिसे लोग तब नहीं देखते जब लोग बियरिश होते हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचलकर ने कहा, हम 24,462 को महत्वपूर्ण स्तर मानते हैं, जो यह तय करेगा कि यह निकट अवधि में गिरावट है या और गहरी गिरावट की शुरुआत है। वर्तमान में, हम इससे ऊपर बने हुए हैं इसलिए हमारा मानना है कि यह अभी भी खरीदारों का बाजार है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में इंफोसिस, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, टीसीएस और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे। जबकि, केवल बजाज फाइनेंस टॉप लूजर था।

# एलएसजी का आईपीएल 2025 में खराब प्रदर्शन, लगातार दूसरे साल प्लेऑफ से बाहर

## -काम नहीं आए 27 करोड़ के पंत



**लखनऊ,एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) लगातार दूसरे साल टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी. आक्रामक बल्लेबाजी के साथ शुरुआत करने वाली एलएसजी की राह असंगति और कमजोर गेंदबाजी ने रोकी. कप्तान ऋषभ पंत, जिन्हें 27 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि में खरीदा गया था, न तो बल्ले से कमाल दिखा सके और न ही नेतृत्व में वह प्रभाव छोड़ पाए, जिसकी उनसे उम्मीद थी.

आखिरी मुकाबले में नॉट आउट 118 के अलावा ऋषभ पंत के 13 माचो में मात्र 13 के एवरेज से रन बने थे. जिसकी वजह से लखनऊ सुपर जॉइंट्स को नुकसान हुआ है. 14 मैचों में छह जीत के साथ एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही, और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार ने उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ एक लगभग जीता हुआ मुकाबला लखनऊ सुपरजाइंट्स आसानी से हार गया.

वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी ने बताया कि एलएसजी की बल्लेबाजी इस सीजन में दोहरे रंग में नजर आई. मिशेल मार्श ने एक शानदार शतक जड़कर सबका ध्यान खींचा, तो निकोलस पूरन की विस्फोटक पारियों ने कई बार टीम को मुश्किल से निकाला, लेकिन कप्तान पंत का बल्ला खामोश रहा. उनकी असंगत बल्लेबाजी और रणनीतिक फैसलों की कमी ने प्रशंसकों को निराश किया.

पंत की कप्तानी में आक्रामकता तो दिखी, लेकिन वह इसे बड़े स्कोर या जीत में तब्दील नहीं कर सके. अन्य बल्लेबाजों में भी निरंतरता की कमी साफ नजर आई. कई मैचों में शुरुआती विकेट जल्दी गिरने से मध्यक्रम पर दबाव बढ़ा, जिसे पूरन और मार्श छिटपुट मौकों पर ही संभाल पाए.

एलएसजी की गेंदबाजी इस सीजन की सबसे बड़ी कमजोरी रही. मयंक यादव की रफ्तार और रवि बिश्नोई की फिरकी ने कुछ मौकों पर प्रभावित किया, लेकिन युवा गेंदबाजों की चोटों ने टीम को मुश्किल में डाला. मयंक की चोट ने गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर किया, और अन्य गेंदबाज दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके.

अनुभवी गेंदबाजों की कमी ने भी एलएसजी को भारी नुकसान पहुंचाया. विपक्षी बल्लेबाजों ने कई बार एलएसजी के गेंदबाजों की कमजोरियों का फायदा उठाया, खासकर डेथ ओवर्स में, जहां रन रोकना चुनौती बना रहा।

टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप से बताया कि यह केवल फॉर्म का विषय है. तेज गेंदबाजों के लिए आज का समय थोड़ा मुश्किल है. हमारे खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर समस्या रही है. कई महत्वपूर्ण खिलाड़ी अनफिट रहे, जिसकी वजह से इस आईपीएल में हमको दिक्कतों का सामना करना पड़ा. फिर भी हमने कई टीमों से बेहतर प्रदर्शन किया है.

कप्तान ऋषभ पंत ने पहले भी शानदार खेल दिखाया है और यह केवल समय की बात है. उनके फार्म थोड़ी खराब थी इस वजह से यह दिक्कत हुई है. निकोलस पूरव इतनी अच्छी फार्म में थे कि सभी टीमों ने उनको निशाने पर रखकर अपनी प्लानिंग बनाई. इस वजह से वह थोड़े असफल हुए. लेकिन पिछले दो माचो में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाजों के अनफिट होने को लेकर एक बात स्पष्ट है कि अब क्रिकेट बदल चुका है. पहले से ज्यादा क्रिकेट हो रहा है और तनाव भी ज्यादा है. पहले जैसा खान-पान भी अब नहीं है इसलिए खिलाड़ी ज्यादा अनफिट होते हैं।

# इंग्लैंड ने पहले मैच के लिए प्लेइंग-11 का किया ऐलान

## आईपीएल छोड़ने वाले 3 खिलाड़ी भी टीम में शामिल

**नईदिल्ली ,एजेंसी।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है. ये मैच गुरुवार, 29 मई को एजबेस्टन में खेला जाएगा. खास बात ये है कि इंग्लैंड के नए व्हाइट-बॉल कप्तान हैरी ब्रूक पहली बार कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करेंगे. इसके अलावा यह मैच इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए आदिल राशिद का 150वां वनडे मैच होगा. इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में उन 4 खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है जो आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से पहले ही नेशनल ड्यूटी निभाने के लिए अपने देश लौट गए. इसमें ऑलराउंडर जैकब बेथेल इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर और विल जैक्स के नाम शामिल हैं विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ बेन डकेट के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे, क्योंकि फिल साल्ट को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खराब प्रदर्शन के बाद टीम से बाहर कर दिया गया है. वहीं दूसरी ओर गस एटकिंसन और जोफ्रा आर्चर चोटों के कारण श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे. जोफ्रा आर्चर को भी शुरू में श्रृंखला के लिए एकदिवसीय स्क्वाड में चुना गया था, लेकिन बाद में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान अंगूठे की चोट के कारण उन्हें बाहर कर दिया गया. एटकिंसन को इस महीने की शुरुआत में जिम्बाब्वे पर इंग्लैंड की एकमात्र टेस्ट जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव का सामना करना पड़ा था. हालांकि, वह 20 जून से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है. वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की प्लेइंग-11 : 1. बेन डकेट 2. जेमी स्मिथ 3. जो रूट 4. हैरी ब्रूक (कप्तान) 5. जोस बटलर (विकेट कीपर) 6. जैकब बेथेल 7. विल जैक्स 8. जेमी ओवरटन 9. ब्रायडन कार्स 10. साकिब महमूद 11. आदिल राशिद इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज का स्क्वाडः ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, कीसी कार्टी, शाई होप (विकेट कीपर/कप्तान), आमिर जंगू, जस्टिन ग्रीव्स, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी, शमर जोसेफ, जेडिया ब्लेड्स, ज्वेल एंड्रयू, जेडन सील्स, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शिमरॉन हेटमायर।

# डी गुकेश ने नाकामुरा को हराया, नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में लगातार दो हार के बाद दर्ज की पहली जीत



**स्टावेंजर (नॉर्वे),एजेंसी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने गुरुवार, 29 मई 2025 को आखिरकार अपने 19वें जन्मदिन पर संयुक्त राज्य अमेरिका के विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराकर नॉर्वे शतरंज में 3 अंकों के साथ अपना खाता खोला। पहले दो राउंड में विश्व नंबर 1 नॉर्वेजियन मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगैसी से लगातार हार का सामना करने करने वाले गुकेश ने सबसे अच्छे रैपिड और ब्लिट्ज खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा को समय के दबाव में लाकर 42 चालों में गेम जीत लिया। गुकेश, पिछले दो मैचों में लगातार समय के दबाव में थे. लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने नाकामुरा को छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में घड़ी की ओर घूरने पर मजबूर कर दिया. डी गुकेश ने इस मैच को जीतने के बाद कहा, मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं. मुझे लगता है कि मेरा टाइम मैनेजमेंट आज पहले से कहीं बेहतर था. उनके (नाकामुरा) पास ड्रॉ के कुछ मौके थे, लेकिन मुझे लगता है, कुल मिलाकर, यह अच्छा था. यह पूछे जाने पर कि क्या वह टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ आर्मगेडन टाई-ब्रेक में सहज होंगे, गुकेश ने कहा, हां, मेरा मतलब है कि किसी समय यह निश्चित रूप से आएगा. लेकिन अभी, मैं बस इस (जीत) से खुश हूं।

गुकेश, जिन्होंने पिछले दिसंबर में विश्व खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को हराया था, ने स्वीकार किया कि पिछले दो गेम, जिन्हें उन्होंने खो दिया, उनके लिए कठिन थे. उन्होंने कहा, जाहिर है, पिछले दो गेम थोड़े कठिन थे. लेकिन आज मैंने इसे एक नए टूर्नामेंट की तरह खेलने की कोशिश की. खुशी है कि मैंने (इस तरह) खेला। यह पूछे जाने पर कि क्या जीत पिछले दिनों की तुलना में घड़ी को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने का सीधा परिणाम थी, उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दो गेम में यह स्पष्ट रूप से भयानक समय प्रबंधन था. उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मेरा टाइम मैनेजमेंट और मेरा खेल (आज) बहुत अच्छा था।

# एसपी ने किया कोलारस थाना और लुकवासा चौकी का औचक निरीक्षण, बीट प्रभारी एवं थाना प्रभारी को नोटिस जारी

## सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई



**शिवपुरी ब्यूरो।** एसपी ने बुधवार की रात्रि को कोलारस थाना और लुकवासा चौकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर अपराधियों की नियमित चेकिंग में कमी पाई गई। इस लापरवाही पर एसपी ने बीट प्रभारी और थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने कहा कानून व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी थानों को सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम करने को कहा गया है। एसपी ने थाना स्टाफ को सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। धर्मशालाओं और लॉज में ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच के आदेश दिए। पुलिस मुख्यालय के अभियान के तहत बसों की फिटनेस और परमिट की जांच करने को भी कहा। टीआई को शाम के समय टीम के साथ इलाके में नियमित गश्त करने के निर्देश दिए गए। जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा।

# करैरा पुलिस ने 10 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार




**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने करैरा न्यायालय के एक प्रकरण में 10 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में स्थाई/गिरफ्तारी वारन्ट तामीली के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशों के पालन में अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में करैरा पुलिस द्वारा सूचना पर आज माननीय न्यायालय जेएमएफसी महोदय करैरा के प्रकरण क्रमांक 2468/15 एवं धारा 498ए, 323 भादवि मे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी राजेश पुत्र नारायण सिहं सोनी उम्र 32 साल निवासी फतेहपुर थाना करैरा जिला शिवपुरी को ग्राम फतेहपुर से गिरफ्तार किया गया। वारंटी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में करैरा थाना निरी0 विनोद सिहं छावई, उनि पुष्पेन्द्र सिहं चौहान, आर हरेन्द्र गुर्जर, देवेश तोमर की मुख्य भूमिका रही।

# मानसून से पूर्व ही प्रशासन ने आपदा से निपटने के लिए खाका खींचा

## कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने शहरी क्षेत्र में नालों की साफ सफाई करने एवं बाढ़, जल भराव की स्थिति में बचाव कार्य की तैयारी करने के दिए निर्देश



**शिवपुरी ब्यूरो।** किसी भी आपदा में पूर्व में की गई बचाव एवं राहत कार्य की तैयारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। किसी आपदा की स्थिति में सूचना तंत्र का भी मजबूत होना जरूरी है। अभी बरसात का समय शुरू होगा और जिले में पिछले वर्षों में कई स्थानों पर अतिवृष्टि के कारण जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके बाद राहत एवं बचाव कार्य भी किया गया, इसलिए अभी से ऐसे गांव और एरिया को चिन्हित करें जहां समस्या उत्पन्न हो सकती है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक रखी और अतिवृष्टि एवं जल भराव की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य की तैयारी को लेकर समीक्षा की और निर्देश दिए हैं जहां पिछले वर्षों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हुई ऐसे प्रभावित गांवों को अभी से चिन्हित करें। स्थानीय तैराक जो कुशल हैं, उनके नाम और मोबाइल नंबर की लिस्ट भी होमगार्ड की टीम द्वारा उपलब्ध कराई जाए। बचाव कार्य में जो उपकरण मशीनरी उपयोग की जाती है वह अभी से दुरुस्त कर कर रखें। शहरी क्षेत्र में नगर पालिका नगर परिषद द्वारा नालों की साफ सफाई बरसात से पूर्व कर ली जाए जिससे वर्षा के समय जल निकासी बनी रहती है और जल भराव नहीं होगा। इसके अलावा जल संसाधन विभाग द्वारा भी बांध की सुरक्षा एवं जल स्तर की जानकारी समय-समय पर प्रसारित की जाए। स्थानीय सूचना तंत्र भी मजबूत रहे जिससे समय पर जानकारी मिले। बैठक में समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मकान में बिजली के खुले तार से मजदूर की मौत

**शिवपुरी ब्यूरो।** कोतवाली थाना क्षेत्र में ठाकुर बाबा कॉलोनी में एक दुखद घटना सामने आई। पोहरी बस स्टैंड के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में बिजली के खुले तार से करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान ठकुरपुरा निवासी 24 वर्षीय नरेश जाटव के रूप में हुई। नरेश अपने पिता गोपाल जाटव का पुत्र था। बुधवार शाम करीब 6 बजे नरेश मकान में पुट्टी का काम कर रहा था। इसी दौरान वह बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया। हादसे के बाद उसके साथी मजदूर उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही जिला अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

# बारात में डांस के दौरान विवाद, बारातियों ने युवक को पत्थर मारा, गंभीर घायल



**शिवपुरी ब्यूरो।** फिजिकल थाना क्षेत्र की फक्कड़ कॉलोनी में बुधवार रात बारात में शामिल युवकों के बीच डांस के दौरान विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक को बारातियों ने बेरहमी से पीट दिया और पत्थर पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार मोहना से विकास जाटव की बारात फक्कड़ कॉलोनी स्थित भूरा जाटव के घर आई थी। रात करीब 1 बजे बारात जैसे ही लड़की वालों के घर के बाहर पहुंची, वहां डीजे पर डांस चल रहा था। इसी दौरान किशन शाक्य पिता छोटेलाल निवासी मोहना (25) का डांस कर रहे अन्य युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि कुछ युवकों ने मिलकर किशन की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दौरान एक युवक ने बड़ा पत्थर उठाकर किशन के ऊपर पटक दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल किशन को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। गुरुवार दोपहर किशन शाक्य व उसके परिजनों ने फिजिकल थाना पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। किशन ने बताया कि हमला करने वाले युवक मोहना के नहीं थे। संभवतः वे दूल्हे के रिश्तेदार या बाहर के दोस्त हो सकते हैं।

# टीआई गब्बर सिंह गुर्जर का तबादला अशोकनगर से शिवपुरी जिले में हुआ



**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस मुख्यालय ने पुलिस स्थापना बोर्ड के अनुमोदन के बाद कार्यवाहक निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर का तबादला आदेश जारी किया है। टीआई श्री गुर्जर को जिला अशोकनगर से शिवपुरी जिले में पदस्थ किया है। श्री गुर्जर पूर्व में भी शिवपुरी जिले में पदस्थ रह चुके हैं। तबादला आदेश में कहा गया कि ये तबादला पुलिस स्थापना बोर्ड से अनुमोदन के बाद अस्थाई रूप से अगले आदेश तक के लिए जारी किया गया है।

# जिला प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्थानों पर किया गया विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन

**शिवपुरी ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में रंजना चतुर्वेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी के मार्गदर्शन में अंकिता शांडिल्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी शिवपुरी के द्वारा गुरुवार कोग्राम बड़ागांव, ग्राम रायश्री, ग्राम बिलोकला, ग्राम सेसई, ग्राम बिलो खुर्द, ग्राम बामौर, ग्राम खोंकर, ग्राम ककरवाया, ग्राम बड़ौदी औद्योगिक क्षेत्र शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को साथी कैम्पेन, नेशनल लोक अदालत, अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकार, मध्यस्थता योजना, निशुल्क विधिक सहायता योजना, पॉक्सो अधिनियम, पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना, विवाह विहीन ग्राम योजना, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024, नालसा मानसिक रूप से बिकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना 2024, लीगल एड डिफेंसा कांउसल योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी।


## उत्तर मध्य रेलवे

**नोटिफिकेशन सं:** म.रे.प्र./वा./आगरा/2025/1-32 **दिनांक:** 27.05.2025

### अधिसूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे/आगरा द्वारा आगरा मण्डल के निम्नलिखित 32 (NSG-4, NSG-5 & NSG-6 Category) रेलवे स्टेशनों की 33 लोकेशनों पर, (NSG-4) के लिए **दिनांक 21.02.2026** तक एवं (NSG-5 & NSG-6) के लिए 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए कंम्प्यूटर कृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस.) के माध्यम से टिकट वितरण हेतु स्टेशन बुकिंग एजेंट (STBA) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

**नोटिफिकेशन सं:** 2025/01 से 2025/32

**कार्य का वितरण:** 32 (NSG-4, NSG-5 & NSG-6) Category के रेलवे स्टेशनों पर टिकिट बुकिंग सेवक को नियुक्त किये जाने हेतु।

**धरोहर राशि (ई.एम.डी.) रूपये:** (NSG-4 - 10,000/- NSG-5 - 5,000/- & NSG-6 - 2,000/-) Category

**आवेदन फार्म की कीमत रूपये:** Rs. 1,000/- + 180 (18% GST) = Rs.1,180/-

**आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 18.06.2025 समय 17:00 बजे तक**

**भरे हुये आवेदन फार्म निविदा पेटी में डालने की तिथि एवं समय: दिनांक 19.06.2025 समय 11:00 बजे तक**

**आवेदन फार्म/निविदा पेटी खोलने की तिथि व समय: दिनांक 19.06.2025 समय 11:30 बजे तक**

**(1) स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए.) के चयन हेतु प्रस्तावित स्टेशनों का विवरण:-**

| नोटीफिकेशन सं. | स्टेशन का नाम/श्रेणी | स्टेशन कैटेगरी | स्टेशन कोड | पाली |
|---|---|---|---|---|
| **नोटः- एक व्यक्ति केवल एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकता है।** | | | | |
| 2025/01 | बहज | NSG-6 | BEHJ | 24 Hrs. |
| 2025/02 | कीथम | NSG-6 | KXM | 24 Hrs. |
| 2025/03 | गजिका | NSG-6 | GZKA | 24 Hrs. |
| 2025/04 | मनिया | NSG-6 | MIA | 24 Hrs. |
| 2025/05 | भैसा | NSG-6 | BSA | 24 Hrs. |
| 2025/06 | रामगढ़ | NSG-6 | RAH | 24 Hrs. |
| 2025/07 | हैलक | NSG-6 | HK | 24 Hrs. |
| 2025/08 | पथोली | NSG-6 | PTLI | 24 Hrs. |
| 2025/09 | जाडोली का बास | NSG-6 | JBS | 24Hrs. |
| 2025/10 | अझई | NSG-6 | AJH | 24 Hrs. |
| 2025/11 | झारेडा | NSG-6 | JREA | 24 Hrs. |
| 2025/12 | यमुनाब्रिज | NSG-6 | JAB | 24 Hrs. |
| 2025/13 | करनपुरा | NSG-6 | KPO | 24 Hrs. |
| 2025/14 | गोवर्धन | NSG-5 | GDO | 24 Hrs. |
| 2025/15 | रायभा | NSG-6 | RAI | 24 Hrs. |
| 2025/16 | बाद | NSG-6 | BAD | 24 Hrs. |
| 2025/17 | फरह | NSG-6 | FAR | 24 Hrs. |
| 2025/18 | छलेसर | NSG-6 | CHLR | 24 Hrs. |
| 2025/19 | पपरेरा | NSG-6 | PPEA | 24 Hrs. |
| 2025/20 | कुबेरपुर | NSG-6 | KBP | 24 Hrs. |
| 2025/21 | डींग | NSG-5 | DEEG | 24 Hrs. |
| 2025/22 | वृंदावन रोड | NSG-6 | VEBD | 24 Hrs. |
| 2025/23 | भांडई | NSG-6 | BHA | 24 Hrs. |
| 2025/24 | बाह | NSG-6 | HAB | 24 Hrs. |
| 2025/25 | उदीमोड़ | NSG-6 | UDMR | 24 Hrs. |
| 2025/26 | नदबई | NSG-5 | NBI | 24 Hrs. |
| 2025/27 | खेडली | NSG-5 | KL | 24 Hrs. |
| 2025/28 | होडल | NSG-6 | HDL | 24 Hrs. |
| 2025/29 | राधाकुंड | NSG-6 | RAKD | 24 Hrs. |
| 2025/30 | मण्डावर महुवा रोड | NSG-5 | MURD | 12:00-24:00 Hrs. (सिर्फ) |
| **नोटः- एक व्यक्ति केवल एक पाली एवं एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकता है।** | | | | |
| 2025/31 | ईदगाह Counter No. 01.PF-01<br>ईदगाह Counter No. 04.PF-01 | NSG-4 | IDH | प्लेटफार्म सं. 01 की तरफ ☐ 00:00-12:00 ☐ 12:00-24:00 ☐<br>प्लेटफार्म सं. 04 की तरफ ☐ 00:00-12:00 ☐ 12:00-24:00 ☐ |
| **नोटः- एक व्यक्ति केवल एक पाली एवं एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकता है।** | | | | |
| 2025/32 | कोसीकला | NSG-4 | KSV | 00:00-12:00 ☐ 12:00-24:00 ☐ |

**(2) कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त करने का पता:** आवेदनकर्ता द्वारा निर्धारित आवेदन फार्म तथा उसके साथ नियम एवं शर्तें एवं अन्य निहित विवरण मण्डल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, उत्तर मध्य रेलवे/आगरा के कार्यालय से Rs. 1,000/- + 180 (18% GST) = Rs.1,180/- मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक - आगरा छावनी के कार्यालय में जमा कराने के पश्चात **दिनांक 28.05.2025** से किसी भी कार्य दिवस में **18.06.2025** तक **समय 17:00 बजे** तक प्राप्त किये जा सकते हैं आवेदन फार्म अहस्तांतरीण है इसकी कीमत वापस नहीं की जायेगी। **(3) कार्य अवधि:** रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या - 2018/TG-I/20/P/STBA Dated- 14.08.2024 के अनुसार NSG-05 & NSG-06 श्रेणी के स्टेशनों के लिए 03 वर्ष एवं रेलवे बोर्ड के पत्रांक संख्या- No.2018/TG-1/20/P/STBA New Delhi, दिनांक- 21.02.2025 के अनुसार NSG-04 के लिए **दिनांक 21.02.2026** तक रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति की जायेगी। **(4) आवेदन फार्म प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन फार्म **दिनांक 19.06.2025** को **समय 11:00 बजे** तक निविदा पेटी में डाले जायेगे उसके उपरान्त निविदा पेटी को सील कर दिया जायेगा। **(5) आवेदन फार्म/निविदा पेटी खोलने की तिथि एवं समय:** आवेदन पत्र **दिनांक 19.06.2025** को **समय 11:30 बजे** उपस्थित आवेदनकर्ताओं के समक्ष आवेदन फार्म/निविदा पेटी खोले जायेंगे तथा किसी कारणवश निविदा पेटी खोले जाने के दिनांक को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस में आवेदन पत्र जमा एवं खोले जाएंगे। **(6) आवेदन फार्म प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान:** कार्यालय वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय- आगरा कैंट। **(7) वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ पूर्ण व्यौरा देखा जा सकता है:** नोटीफिकेशन आवेदन फार्म तथा नियम एवं शर्तें उत्तर मध्य रेलवे को बेबसाईट **https://ncr.indianrailways.gov.in** तथा भारत सरकार के पोर्टल **www.tenders.gov.in** पर भी उपलोड है। यदि आवेदन प्रपत्र वेबसाईट से डाउन लोड किये जाते हैं तो आवेदन कर्ता द्वारा आवेदन फार्म की कीमत Rs. 1,000/- + 180 (18% GST) = Rs.1,180/- का डी.डी. के रूप में, जो वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक, उ.म.रे./आगरा के पक्ष में देय हो, आवेदन फार्म के साथ मूल रूप मे संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। ऑफर की वैधता आवेदन खोलने को दिनांक से 90 दिन तक मानी जायेगी। उपरोक्त निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। **(8)** रेल प्रशासन को यह अधिकार होगा की यह एक/या समस्त आवेदनों को बिना कारण बताये निरस्त कर सकता है। **924/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# दिनारा तालाब में हजारों मछलियां की मौत, जहरीले पदार्थ की आशंका

## तालाब के पानी की तत्काल जांच कराने की मांग



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा तहसील के दिनारा कस्बे के मुख्य तालाब में हजारों मछलियों की अचानक मौत से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तालाब से तीखी दुर्गंध आ रही है और मवेशी भी इसका पानी पीने से कतरा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में जहरीला पदार्थ डाला है। लगभग 20 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने वाले इस तालाब में जहर की आशंका से लोगों में चिंता व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तालाब के पानी की तत्काल जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने बताया कि मत्स्य विभाग ने तालाब में मछली पालन के लिए एक समिति को दिए गए ठेके को लेकर पूर्व में विवाद भी हुआ था, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। मत्स्य अधिकारी मनोज अग्रवाल ने बताया उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। वे जल्द ही टीम भेजकर मामले की जांच करवाएंगे।


## आगरा फोर्ट स्टेशन के स्थान पर ईदगाह आगरा जं. स्थानान्तरित हुआ रेलगाड़ियों का ठहराव

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न रेलगाड़ियों का आगरा फोर्ट स्टेशन के स्थान पर ईदगाह आगरा जं. पर ठहराव स्थानान्तरित किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है :-

| गाड़ी सं. | स्टेशन | | आगरा फोर्ट स्टेशन पर वर्तमान ठहराव | | ईदगाह आगरा स्टेशन पर स्थानान्तरित ठहराव | | प्रा. स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | |
| **अप डायरेक्शन की रेलगाड़ियां** | | | | | | | |
| 12307 | हावड़ा जं. | जोधपुर | 19:20 | 19:30 | 19:30 | 19:40 | 30.07.25 |
| 22307 | हावड़ा जं. | बीकानेर जं. | 19:20 | 19:30 | 19:30 | 19:40 | 31.07.25 |
| 15269 | मुजफ्फरपुर जं. | साबरमती | 16:20 | 16:25 | 16:45 | 16:50 | 31.07.25 |
| 12946 | बनारस | वेरावल जं. | 17:10 | 17:20 | 17:20 | 17:30 | 06.08.25 |
| 12395 | राजेन्द्र नगर ट. | अजमेर जं. | 07:25 | 07:30 | 07:35 | 07:40 | 30.07.25 |
| 22970 | बनारस | ओखा | 07:25 | 07:30 | 07:35 | 07:40 | 02.08.25 |
| 12948 | पटना जं. | अहमदाबाद जं. | 12:30 | 12:35 | 12:40 | 12:45 | 30.07.25 |
| 12942 | आसनसोल जं. | भावनगर ट. | 12:30 | 12:35 | 12:40 | 12:45 | 31.07.25 |
| 15636 | गुवाहाटी | ओखा | 23:35 | 23:40 | 23:40 | 23:45 | 04.08.25 |
| 15668 | कामाख्या जं. | गांधीधाम जं. | 23:35 | 23:40 | 23:40 | 23:45 | 30.07.25 |
| 12938 | हावड़ा जं. | गांधीधाम जं. | 18:00 | 18:10 | 18:10 | 18:20 | 04.08.25 |
| 12315 | कोलकाता | उदयपुर सिटी | 09:55 | 10:00 | 10:05 | 10:10 | 31.07.25 |
| **डाउन डायरेक्शन की रेलगाड़ियां** | | | | | | | |
| 12308 | जोधपुर | हावड़ा जं. | 08:30 | 08:40 | 08:25 | 08:35 | 31.07.25 |
| 22308 | बीकानेर जं. | हावड़ा जं. | 08:30 | 08:40 | 08:25 | 08:35 | 30.07.25 |
| 15270 | साबरमती | मुजफ्फरपुर जं. | 09:40 | 09:45 | 09:30 | 09:35 | 02.08.25 |
| 12945 | वेरावल जं. | बनारस | 04:45 | 04:50 | 04:30 | 04:35 | 04.08.25 |
| 12396 | अजमेर जं. | राजेन्द्र नगर ट. | 09:05 | 09:10 | 08:35 | 08:45 | 01.08.25 |
| 12947 | अहमदाबाद जं. | पटना जं. | 12:20 | 12:30 | 12:40 | 12:50 | 30.07.25 |
| 15635 | ओखा | गुवाहाटी | 12:20 | 12:30 | 12:40 | 12:50 | 01.08.25 |
| 15667 | गांधीधाम जं. | कामाख्या जं. | 12:20 | 12:30 | 12:40 | 12:50 | 02.08.25 |
| 12937 | गांधीधाम जं. | हावड़ा जं. | 15:20 | 15:30 | 14:50 | 15:00 | 02.08.25 |
| 12941 | भावनगर ट. | आसनसोल जं. | 15:20 | 15:30 | 14:50 | 15:00 | 05.08.25 |
| 22969 | ओखा | बनारस | 15:20 | 15:30 | 14:50 | 15:00 | 31.07.25 |
| 12316 | उदयपुर सिटी | कोलकाता | 15:20 | 15:30 | 14:50 | 15:00 | 04.08.25 |

● **उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व अधिसूचित गाड़ी सं. 22969 ओखा - बनारस का कानपुर सेन्ट्रल के स्थान पर गोविन्दपुरी स्टेशन पर स्थानान्तरित ठहराव दिनांक 25.07.2025 के स्थान पर 31.07.2025 से प्रभावी होगा।**

नोट– ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या **Rail madad Mobile App** या वेबसाइट **railmadad.indianrailways.gov.in** का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 923/25(DG)


# सफलता की कहानी

## सशक्त महिलाओं की सफलता की कहानी कड़े संघर्ष से निकलकर सफलता की ओर बढ़ते कदम



**शिवपुरी ब्यूरो।** महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। बस आवश्यकता है एक बेहतर अवसर की। कई ऐसी महिलाएं हैं जिन्होंने कड़े संघर्ष से सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। जिन्होंने अपने लिए स्वयं अवसर उत्पन्न किए और आज कई महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शिवपुरी विकासखंड की ग्राम पंचायत कलोथरा निवासी रामश्री आदिवासी उन्हीं में से एक हैं। उनके पति का 25 वर्ष पूर्व निधन हो गया था, जिसके बाद अपने 5 बच्चों का पालन-पोषण करने की जिम्मेदारी पूरी तरह उन्हीं पर आ गई थी। वे पढ़ी लिखी नहीं थीं और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करती रहीं। फिर आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में नई दिशा आई। उन्?होंने बताया कि समय-समय पर कृषि, पशुपालन एवं कौशल विकास के प्रशिक्षण प्राप्त कर उनकी आय में वृद्धि हुई। समूह से प्राप्त ऋण से उन्होंने कृषि कार्य किया और एक दुकान भी खोली। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़ा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ गांव के निवासियों तक पहुंचाया। रामश्री आदिवासी आज लखपति क्लब में भी शामिल है। आज ग्राम पंचायत कलोथरा की सरपंच हैं। रामश्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत ग्राम में 202 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में मदद दिलवाई। जागरूक सरपंच के रूप में, उन्होंने पंचायत चुनाव में बहुमत से जीत हासिल की। उनके नेतृत्व में गांव में आयुष्मान कार्ड बने, नल जल योजना लागू हुई, सीसी रोड निर्मित हुए, 14 हैंडपंप और उच्च शिक्षा के लिए हाईस्कूल भी उपलब्ध है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सतनवाड़ा प्राथमिक उपचार केंद्र 3 किमी दूर है, जहाँ उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। गांव में कुल 300 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनमें से 202 परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास प्रदान किए गए हैं। गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भी है, जहाँ छोटे बच्चों को पोषण आहार और प्राथमिक शिक्षा दी जाती है। रामश्री आदिवासी की मेहनत, समर्पण और जागरूकता ने कलोथरा ग्राम को विकास के मार्ग पर अग्रसर किया है और वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, विकीत भूमि वार्ड नं. 03, संपत्ति कर रजिस्टर सीरियल कंमाक नं. 146/1260, रछ मोहल्ला नेताजी सुभाषचन्द बोस वार्ड कोर्ट के अंदर, तहसील नरवर जिला शिवपुरी जिसका कुल क्षेत्रफल 625 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में रोड, पश्चिम में रोड, उत्तर में रजुआ कुशवाह का मकान तथा दक्षिण में रोड स्थित है। उक्त संपत्ति को श्रीमती पपीता रावत पत्नि श्री जितेन्द्र सिंह रावत निवासी ग्राम नरौआ, तहसील नरवर जिला शिवपुरी ने रजिस्टर्ड विकयपत्र कमांक MP392952016 A1124480 dated 04.03.2016 के द्वारा श्रीमती मधु शर्मा पत्नि मिथलेश शर्मा निवासी ग्राम जैतपुर हाल तहसील नरवर जिला शिवपुरी को विक्रय कर दिया है। श्रीमती मधु शर्मा पत्नि मिथलेश शर्मा निवासी ग्राम जैतपुर हाल तहसील नरवर जिला शिवपुरी ऋण ले रहे हैं। यदि अन्य किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था, शासन का किसी भी प्रकार से उक्त सम्पत्ति में हित निहित हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति को वित्तीय संस्था साम्य बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर उक्त संस्था का प्रथम भार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

दिनांकः- 29.05.2025

**सूचक श्री आशीष पुराणिक एडव्होकेट स्वास्तिक रेसीडेंसी शिवपुरी म.प्र.**

# विकास खण्ड जौरा में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप लगाने हेतु ग्राम उरहेरा में की गई बैठक



**जौरा।** आई सी टी सी सिविल हॉस्पिटल जोरा द्वारा नाकों, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के आदेशानुसार जिले भर में लगाय जा रहे इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंपों के सफल आयोजन हेतु आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर द्वारा आउटरीच गतिविधि के तहत विकासखंड जोरा के आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र उरहेरा पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की सरपंच श्रीमती सुमन जोनवार, सी एच ओ रामवीर बांदिल, एएनएम श्रीमती श्वेता सोलंकी, आशा सहयोगिनी श्रीमती इंदिरा राजपूत एवं गांव की आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताएं मौजूद थी। बैठक में संदीप सेंगर द्वारा बताया गया कि नाको नई दिल्ली द्वारा आप सब के सहयोग से वर्ष 2030 तक एचआईवी संक्रमण को रोकने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिस के तहत मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं मुरैना जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय एवं नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति डॉ .नरेंद्र उपाध्याय के निर्देशन व मार्गदर्शन में जिले भर में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंपों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जन सामान्य एवं उच्च जोखिम समूहों के स्वास्थ्य का परीक्षण एवं एचआईवी एवं अन्य आवश्यकता अनुसार कैंप के दौरान ही जांच की जाएगी इसी क्रम में दिनांक 31 मई को ग्राम पंचायत उरहेरा में भी इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप आयोजन किया जाएगा ।

# विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट मुरैना से हुआ



**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार द्वारा विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत 29 मई को कार्यालय कलेक्ट्रेट मुरैना से हुआ। जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री अमर सिंह धाकड़ ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम मुरैना श्री भूपेंद्र सिंह कुशवाह, उप संचालक कृषि मुरैना श्री पीसी पटेल, कृषि वैज्ञानिक केंद्र मुरैना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री प्रशांत कुमार गुप्ता मौजूद थे। मोके पर वाहन चालकों को अपने अपने रूट अनुसार गांव-गांव में भ्रमण करने, तकनीकी कृषि की बारे में अन्य विषयों में जानकारी कृषको बताने की जानकारी दी।

# अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 11700 मी. पर जंगल सफाई का कार्य किया गया



**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन ए.बी.सी. उप संभाग क्र. 1 सबलगढ के प्रभारी सिंचाई निरीक्षक श्री लिजो, श्री सोनबीर सिंह भदौरिया अमीन एवं श्री श्याम बाथम कण्डेक्टर तथा अन्य विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा 28 मई 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 11700 मी. पर जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने विभागीय मैदानी कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया।

## (सफलता की कहानी)

# नमो ड्रोन दीदी योजना से ट्रेनिंग पाकर महिलायें हो रही सशक्त

### ड्रोन दीदी के नाम से पहचानी जारही है पहाड़गढ़ की सुनीता



**मुरैना,कांस।** ड्रोन टेक्नोलॉजी की वजह से कृषि के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है।खेती में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ''नमो ड्रोन दीदी योजना'' के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। ट्रेनिंग लेने के बाद महिलाएं किसानों को ड्रोन के माध्यम से खेती में नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं एवं किसानो की मदद करने के साथ अपने लिए आय के स्त्रोत बना रहीं है। मुरैना जिले के पहाडगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पचोखरा निवासी सुनीता ट्रेनिंग लेकर पिछले डेढ़ साल से ड्रोन योजना का लाभ पाकर अच्छी कमाई कर रही हैं। सुनीता को पिछले साल 15 अगस्त पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

**नमो ड्रोन दीदी योजना से इस तरह आया सुनीता की जिंदगी में बदलाव**

श्रीमती सुनीता बताती हैं कि उनको ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत इफको फूलपुर इलाहबाद में दिया गया था। इस योजना में उन महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था, जो मध्यप्रदेश आजीविका मिशन से जुड़ी हुई हैं। वह बताती हैं कि ड्रोन की सहायता से वह खेतों में जाकर रासायनिक दवाओं का छिड़काव करती हैं, जिससे किसानों को खेती में लाभ तो मिलता ही है साथ ही इससे पानी की बचत होती है। ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कि करने पर रासायनिक खाद और पानी की बचत होने से लागत कम आती है तथा 07 मिनिट में 01 हेक्टेयर के एरिया में रासायनिक खाद का छिड़काव किया जा सकता है। वह बताती है कि ड्रोन दीदी बनने से वउन्हें समाज में सम्मान तो मिलता ही है साथ ही उनकी आमदनी भी अच्छी हो जाती है।

**नैनो टेक्नोलॉजी के लिए किसानों को करती हैं प्रेरित**

श्रीमती सुनीता बताती है कि ड्रोन चलाने के साथ-साथ ड्रोन दीदी किसानों को नैनो यूरिया और नैनो पेस्टिसाइड के उपयोग के लिए प्रेरित करती हैं। क्योंकि दानेदार यूरिया बहुत हानिकारक होती है, यूरिया मुख्य रूप से पत्तियों को देना होता है, ताकि पत्तियां ग्रोथ करें और बढ़िया उत्पादन हो। दानेदार यूरिया मिट्टी की उर्वरा क्षमता को भी नुकसान पहुंचाती है, नैनो फर्टिलाइजर या नैनो पेस्टिसाइड का इस्तेमाल करने के लिए हम किसानों को प्रेरित करते हैं। इससे उत्पादन भी अच्छा होता है और मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी प्रभावित नहीं होती। हम लोग किसानों को बताते हैं कि मजदूर द्वारा स्प्रे करवाना काफी खर्चीला होता है और पानी भी अत्यधिक खर्च होता है। जबकि ड्रोन से कीटनाशक या फर्टिलाइजर का छिड़काव काफी किफायती होता है और पानी और समय की भी बचत होती है। इसके लिए खेत में अंदर जाने की जरूरत नहीं होती, जिससे फसल को भी नुकसान नहीं होता।

**ड्रोन दीदी बन रही आत्मनिर्भर**

ड्रोन दीदी किसानों के खेत में जाकर ड्रोन के जरिए फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड का स्प्रे करती हैं। इसके एवज में उन्हें पैसा मिलता है, जिससे ड्रोन दीदी आत्मनिर्भर हो रही हैं। श्रीमती सुनीता बताती है कि खेती के सीजन में हर महीने 20 से 25 हजार रुपए मिल जाते हैं।

**किसानों के लिए फायदेमंद है योजना**

श्रीमती सुनीता बताती हैं कि ये योजना किसानों के हित में है और इससे उन्हें काफी फायदा होता है। हर किसान चाहता है कि हमारे खेत में कम समय में पूरा स्प्रे हो जाए। जबकि हाथ से छिड़काव में एक एकड़ में करीब 80 से 90 लीटर पानी खर्च हो जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान किसानोदय एप के जरिए हमसे संपर्क करते है। जिसके बाद ड्रोन दीदी आकर खेत में छिड़काव करती हैं।

# मुरैना : सवर्ण एकता मंच ने की वीएन राव को संविधान निर्माता घोषित करने की मांग, आज सौपेंगे ज्ञापन




**मुरैना,कांस।** सवर्ण एकता मंच ने वीएन राव को संविधान निर्माता घोषित करने की मांग को लेकर एक बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। मंच द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम मुरैना कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए मंच ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह कार्यक्रम कल, दिनांक 30 मई 2025, शुक्रवार को दोपहर 1 बजे पुरानी कलेक्ट्रेट, मुरैना में आयोजित होगा। सवर्ण एकता मंच ने इस अवसर पर एकजुटता का आह्वान करते हुए नारा दिया है, अभी नहीं तो कभी नहीं। मंच ने अपने संदेश में सवर्ण एकता के प्रति उत्साह जताते हुए इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया है। आयोजकों ने सभी समर्थकों से अनुरोध किया है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी एकता और मांग को मजबूती प्रदान करें। सवर्ण एकता मंच का कहना है कि यह कदम सामाजिक एकजुटता और संवैधानिक सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ



**सतना।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून तक किया जा रहा है। मैहर जिले में गुरूवार को ग्राम घुनवारा में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस संकल्प यात्रा से किसानों को खेती के बारे में समस्त जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दौरान कृषि संबद्ध उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली एवं कृषि उद्यमी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ एवं स्व सहायता समूह के सदस्य एवं अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि संबंधित तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। जिले में तकनीकी जानकारी हेतु 3 दलों का गठन किया गया है। जिसमें प्रत्येक दल द्वारा प्रतिदिन 3-3 पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी से दी जायेगी। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन आज मैहर में

**सतना।** संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य में प्रेरणा उत्सव के रूप में विभिन्न संस्कृति, अकादमिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप की गतिविधियों के 30 मई को आयोजन के निर्देश जारी किये गये हैं। अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि 30 मई को दोपहर 12 बजे एकलव्य विद्यालय मैहर में लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वी जयंती मनाई जायेगी। जिसके लिए अधिकारियों को कार्य सौपा गया है। इनमें सीडीपीओ विद्याचरण तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नृत्य नाटिका/कार्यक्रम की प्रस्तुति संगीत महाविद्यालय/विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। सीडीपीओ विद्याचरण तिवारी एवं जिला समन्वयक जनअभियान परिषद मैहर को फ्लैक्स बैनर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कार्य सौपा गया है। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयीन छात्र-छात्राओं की कार्यक्रम में उपस्थिति एवं सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मैहर को स्वच्छता, पानी, कैम्पर का पेयजल एवं कार्यक्रम से संबंधित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगे। निबंध प्रतियोगिता में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर वर्गो में आयोजित पुरस्कार राशि के का प्रावधान किया गया है। जिसमें सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान आने पर 3000, द्वितीय 2000 तथा तृतीय के लिए 1000 रूपये की राशि निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आने पर 3000, द्वितीय 2000 तथा तृतीय 1000 रूपये की राशि निर्धारित की गई है। कलेक्टर रानी बाटड ने सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# बाइक की टक्कर से किशोर की मौत

**मुरैना,कांस।** जौरा थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर से किशोर की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरभान का पुरा निवासी समीर पुत्र सनी शाक्य डीपी के पास बघोरा रोड पर जा रहा था कि इसी दौरान मोटर सायकल चालक राजकुमार उर्फ बंटी रावत निवासी अरूआ ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए किशोर को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी सनी पुत्र ओमप्रकाश शाक्य की रिपोर्ट पर से आरोपी बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। इसी प्रकार एक अन्य जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोनू पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी आमपुरा सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# जहर खाने से अधेड की मौत

**मुरैना,कांस।** कैलारस थाना क्षेत्र के खुमानी का पुरा रोड पर झोपडी में निवास करने वाले रामविलास पुत्र मुकन्दी कुशवाह उम्र 50 साल ने अज्ञात कारणो के चलते अपनी झोपडी में जहर का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी हालत खराब होने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने अधेड की मौत पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार एक अन्य जानकारी के अनुसार देवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम खिटौरा में रहने वाले अंकित पुत्र प्रकाश सिकरवार उम्र 20 साल ने अपने घर पर जहर का सेवन कर लिया था जिसकी हालत खराब होने पर उसे उचित उपचार के लिए विरला हॉस्पीटल ग्वालियर में भर्ती कराया गया था, जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# चोरहटा के समस्त फीडरों की सप्लाई आज प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 30 मई को 132 केव्ही उपकेन्द्र अमरपाटन में 63 एमव्हीए बीबीएल एक्समर डिफरेशिंयल रिले को बदले जाने हेतु मेंटीनेंस का कार्य किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें 33 केव्ही सतना फीडर को ऊर्जित करने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चोरहटा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

# प्रत्येक जिले में जल स्वावलंबी ग्राम योजना लागू होगी, कमिश्नर रीवा संभाग ने जारी किये आदेश

**सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संभाग के प्रत्येक जिले में जल स्वालंबी ग्राम योजना लागू करने के निर्देश दिये हैं। इस योजना के अंतर्गत जल स्वावलंबी बनाने के लिए गांव का चयन कर आगामी 3 वर्षो में गांव को जल स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिये गये हैं। कमिश्नर के निर्देशानुसार मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने मैहर विकासखण्ड के ग्राम अजवाइन का चयन कर जल स्वावलंबी ग्राम बनाने के कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर को नोडल अधिकारी तथा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी को निर्देशानुसार कार्य योजना तैयार कर कार्य कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है। कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा संबंधित जिलो के कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को जारी निर्देशों में कहा गया है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संभाग के प्रत्येक जिले में जल स्वावलंबी योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना जल संकट को सुलझाने के लिए विभिन्न जल संरक्षण, जल संचयन और पुनर्चक्रण उपायों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्य योजना के तहत हम न केवल जल की उपलब्धता को बढाने की दिशा में काम करेंगे, बल्कि जल के विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करें। ताकि आने वाली पीढियों के लिए जल का संरक्षण किया जा सके। इस योजना के अंतर्गत स्वावलंबी बनाने हेतु ग्राम का चयन कर आगामी 3 वर्षो में ग्राम को जल स्वावलंबी ग्राम बनाने के उद्देश्य से निर्देश जारी किये गये है। जिसमें कार्य योजना तैयार करने के लिए प्रत्येक जिले में एक ऐसे ग्राम का चयन करना है। जहां पर पेयजल संकट रहता हो, वहां के ग्रामवासियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें जल संवर्धन के उद्देश्य, महत्व एवं तैयार की जाने वाली कार्य योजना को विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए तथा उनके द्वारा योजना के संबंध में दिये गये सुझावों को भी शामिल किया जाये। आगामी चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में 1-1 जल संकट ग्रस्त ग्राम का चयन कर उपरोक्तानुसार अभियान के तहत चयनित ग्राम को जल स्वावलंबी ग्राम बनाया जाये। आगामी अंतिम चरणों में प्रत्येक जल संकट ग्रस्त ग्राम को जल स्वावलंबी ग्राम बनाया जाना है। कार्य योजना में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और जल उपयोग की दक्षता में वृद्धि हेतु उपायों को प्राथमिकता दी जाये। जल समितियों का गठन किया जाये जो जल संरक्षण की योजना तैयार, उसे लागू करने और उसके क्रियान्वयन पर निगरानी रखने में सहायक हों। जल स्त्रोतों का संवर्धन में संबंधित ग्राम में पानी की आवश्यकता का आंकलन कर वाटर बजट तैयार किया जाये। उसके बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उसे ग्राम में नवीन खेत-तालाब, भू जल संवर्धन हेतु कुआ, कुआं रिचार्ज, सतही जल संग्रहण हेतु कन्टूर, बंडिंग, कन्टूर ट्रैनच, गेबियन, गली प्लग, बोल्डर चेकडेम, स्टाप डेम, रिचार्ज पिट, पौंड, परकोलेशन टैंक, तालाब, अमृत सरोवर इत्यादि और भू जल संवर्धन के कार्य, शासकीय नहर का प्लान तैयार कर युद्ध स्तर पर वाटर कंजरवेशन के अधिकाधिक कार्य करवाये जावें। कार्ययोजना में जल संरक्षण के विभिन्न उपायों को शामिल किया जाये जैसे वर्षा जल संचयन, वाटरशेड प्रबंधन, जल पुनर्चक्रण और जल आपूर्ति की दक्षता को बढाने के लिए सस्ते और पर्यावरणीय रूप में अनुकूल उपाय। पुराने जल स्त्रोतों के पुनिर्माण और नई जल आपूर्ति योजनाओं की शुरूआत की जाये। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भागीदारी में जल स्त्रोतों के आसपास एवं अन्य उपलब्ध स्थानों पर पौधरोपण के कार्य आवश्यक रूप से किये जाये। कार्ययोजना में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों और संबंधित सरकारी एजेंसियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। जल गंगा यात्रा में भी ग्राम संपर्क अभियान की भांति ग्रामों/ग्राम पंचायतों के क्लस्टर बनाकर अधिकारियों की टीम बनाकर प्रत्येक ग्राम में जन जागरूकता हेतु रैली निकलवाकर जन संवाद करवायें। ग्राम वासियों के बीच जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायें। ग्राम पंचायतों और जन समितियों का गठन किया जाये ताकि वे जल प्रबंधन में भागीदारी बन सकें। प्रत्येक खेत में जनसहभागिता से किसान अपनी स्वेच्छा से अपने खेत में पौड का निर्माण करें। समीक्षा और निगरानी में प्रत्येक ग्राम में किये जाने वाले कार्यो के लिए सक्षम तकनीकी अधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण कर समुचित स्ट्रक्चर नियत करें तथा उनके मार्गदर्शन में समुचित आकार के निर्माण करवाये। कार्ययोजना की साप्ताहिक एवं मासिक समीक्षा की जाये। ताकि क्रियान्वयन में किसी प्रकार की रूकावट न हो।

# सतना एयरपोर्ट लोकार्पण की स्थानीय तैयारियों की समीक्षा

**सतना।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों दतिया और सतना को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल से वर्चुअली दतिया और सतना में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण अवसर पर सतना एयरपोर्ट में स्थानीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरूवार को एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट एथारिटी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकार्पण समारोह के स्थानीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर एयरपोर्ट में की जा रही बैठक व्यवस्था, पंडाल, पेयजल, सुरक्षा कार्यक्रम में आने वाले जनमानस के आवागमन, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सतना एयरपोर्ट पर स्थानीय कार्यक्रम 31 मई को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सतना एयरपोर्ट के किये जा रहे वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को प्रातः 11 बजे से बडी स्क्रीन पर दिखाया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी गणमान्य और आम नागरिकों को प्रातः 9 बजे तक उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाडिया, आरआई देविका सिंह बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, उमेश प्रताप सिंह, रमाकांत गौतम, विजय तिवारी, मुरारी सोनी, डायरेक्टर एयरपोर्ट एथारिटी अशोक गुप्ता एवं उनकी टीम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ

**सतना।** सतना और मैहर जिले के सभी विकासखण्डों में गुरूवार से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अत्रष्टी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत रखते हुये अभियान का संचालन 12 जून तक किया जायेगा। सतना जिले में मझगवां विकासखण्ड स्थित चित्रकूट धाम के प्रथम मुखार बिन्दु से विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर ग्रामोदय विश्व विद्यालय के कुलगुरू डॉ. भरत मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष मझगवां श्रीमती रेणुका जायसवाल, प्रगतिशील कृषक एवं जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा कृष्णा पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना संजना जैन, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के वैज्ञानिक, विभागीय एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर विकसित कृषि संकल्प रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रथम कार्यक्रम स्थल सेजवार के लिये रवाना किया। इसी तरह सतना जिले के रामपुर बाघेलान, सोहावल नागौद, उचेहरा एवं मैहर जिले के मैहर, अमरपाटन एवं रामनगर विकासखण्ड में जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रमों में कृषकों के द्वारा व्यक्त की गई शंकाओं का समाधान किया गया। उप संचालक कृषि मनोज कश्यप ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में 03-03 ग्राम पंचायते सम्मिलित रहेंगी। अभियान के दौरान सतना जिले की 225 एवं मैहर जिले की 135 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे। किन्तु सतना जिले की शेष 225 ग्राम पंचायतों एवं मैहर जिले की शेष 110 ग्राम पंचायतों के कृषकों को कार्यक्रम स्थल की नजदीकी ग्राम पंचायतों में सम्मिलित किया गया है। इस तरह दोनों जिलों की समस्त ग्राम पंचायतें सम्मिलित हो जावेगी।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी का भोपाल आगमन, बहनों के सशक्तिकरण और राष्ट्र हित सर्वोपरि के भाव को सशक्त बनाएगा : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## लोकमाता देवी अहिल्या बाई के सामाजिक प्रकल्पों की गूंज देश-विदेश में पहुंचेगी

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 31 मई को हो रहे महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के लिए भोपाल आगमन हमारी बहनों के सशक्तिकरण और राष्ट्र हित सर्वोपरि के भाव को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री जी के लोकमाता देवी अहिल्या बाई की त्रि-शताब्दी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश आगमन से लोकमाता के सामाजिक प्रकल्पों की गूंज भी देश-विदेश में पहुंचेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के भोपाल आगमन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बैठक में दिए गए प्रजेंटेशन को देखा और की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार 30 मई को जम्बूरी मैदान स्थित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेंगे।



### बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, प्रदर्शनी स्थल और मंच व्यवस्था

बैठक में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए बैठक व्यवस्था, उनके लिए पेयजल प्रबंध, पार्किंग, चलित शौचालय, कार्यक्रम स्थल पर मौसम के अनुकूल आवश्यक प्रबंध, मंच व्यवस्था और प्रदर्शनी स्थल के संबंध में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सम्पन्न तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं श्री हितानंद शर्मा, सांसद श्री वीडी शर्मा, मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण






## रीवा विकास के मामले में प्रदेश में अव्वल रहेगा : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। विकास के मामले में यह प्रदेश में अव्वल रहेगा। यहाँ तेजी से विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। मीठे पानी की सुनिश्चितता के साथ ही बिजली की सुविधा व सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित समय से पूर्व विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना किए जाने की प्रशंसा की। पीटीएस चौराहे में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रीवा को प्रदेश के महानगरों में स्थान मिले और लोग यहाँ के विकास को उदाहरण के तौर पर देखें। रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। देश व प्रदेश में विकास के लिए जो धनराशि जारी होती है उसमें रीवा की भी हिस्सेदारी हो इस बात की चिंता हमेशा रहती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। हमारा रीवा भी पीछे नहीं रहेगा। अधोसंरचना विकास के साथ ही जनकल्याण के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। श्री शुक्ल ने विद्युत उपकेन्द्र का फीता काटकर एवं शिलापट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। अधीक्षण यंत्री बृजेश कुमार शुक्ला ने तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता, दीनानाथ वर्मा, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेश पाण्डेय, प्रदीप गौतम सुमन, मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी सहित विद्युत मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# लोक संगीत के क्षेत्र मे राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय का विशेष योगदान



**भोपाल,ब्यूरो।** सुश्री मान्या ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव सीधी जिले की राष्ट्रीय लोक गायिका एवं देश की सबसे छोटी लोक गायिका मान्या पाण्डेय का विंध्य क्षेत्र के लोक संगीत को आगे बढ़ाने एवं संरक्षित करने में विशेष योगदान रहा है। सुश्री मान्या पाण्डेय विंध्य क्षेत्र की एक मात्र ऐसी लोक गायिका हैं जो बहुत कम उम्र में देश भर में बघेली लोकगीतों को पहुंचा रही है।

**5 वर्ष से गायन**

लोक गायिका सुश्री मान्या पाण्डेय 5 वर्ष की छोटी उम्र से मंचीय प्रस्तुति दे रही है। अब तक देश के विभिन्न प्रदेशों लगभग 422 मंचों में प्रस्तुति दे चुकी हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक न्यूज चैनल्स में अपने लोकगीतों की प्रस्तुति दे चुकी हैं। बघेली लोकगीतों के साथ-साथ बुंदेली, अवधी, मैथिली, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी लोकगीतों का अनुभव भी है। मान्या सीधी पर्यटन, सीधी पुलिस, नेशनल आर्टिस्ट यूनियन बिहार, झारखंड, उत्थान सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी-रीवा (म.प्र.) की ब्रांड एम्बेसडर भी रही हैं। कांसेप्ट कम्यूनिकेशन कंपनी मुंबई द्वारा मध्यप्रदेश माध्यम, म.प्र. शासन का उपक्रम के द्वारा इन्फ्लुएन्सर नियुक्त किया गया है। आपके द्वारा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग भोपाल, स्वराज संस्था भोपाल, जनजाजीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल, मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग भोपाल आदि शासकीय आयोजनों में सहभागिता के माध्यम से शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।

**अविस्मरणीय क्षण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश के रीवा में ÷धरती कहे पुकार÷ कार्यक्रम में मान्या पाण्डेय ने प्रस्तुति दी, उक्त प्रस्तुति को प्रधानमंत्री ने 11 मिनट खड़े होकर कार्यक्रम को देखा और मान्या पाण्डेय की प्रसंशा की। मुख्यमंत्री एवं संस्कृति मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया था।

# केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना-दमोह छतरपुर सहित बुंदेलखंड समृद्ध होगा किसानों की बदलेगी जिंदगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## महाराजा छत्रसाल की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड में बड़ा बदलाव आने वाला है, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना दमोह छतरपुर सहित समूचा बुंदेलखंड समृद्ध होगा। किसानों की जिंदगी बदलेगी, पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को पन्ना में महाराजा छत्रसाल जयंती और पन्ना नगर के गौरव दिवस पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से सुशासन की मिसाल बनेगी। प्रदेश में पन्ना सहित 19 धार्मिक नगरों में शराब दुकान बंद की गई है। सरकार शराब दुकान बंद कर दूध की दुकानें खोलेगी, गोपालन पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां श्री जुगल किशोर लोक के साथ ही 90 करोड की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा शीघ्र ही पन्ना को मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सौगातें भी मिलेगी।



महाराजा छत्रसाल की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना की धरती शूरवीरों की धरती हैं यहाँ पर हीरे के अपार भंडार हैं। महाराज छत्रसाल ने भी सोच समझकर पन्ना को राजधानी बनाया। उन्होंने कहा कि पन्ना के खास है यहाँ पूरे देश सबसे अच्छे हीरे पाए जाते हैं। जुगलकिशोर लोक बनने से श्रद्धालुजन दूर-दूर से आकर यहां दर्शन करेंगे जिससे पन्ना में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नगर समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के दुश्मनों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और सेना ने दुश्मनों का खात्मा कर नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कार जी की 300वां जयंती चल रहा है। बनारस, सोमनाथ, द्वारकापुरी, गंगोत्री, बद्रीनाथ रामेश्वरम, मानसरोवर आदि देवस्थानों का अपने निजी व्यय से जीर्णोद्वार कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना के गौरव दिवस के अवसर पर मैं मध्यप्रदेश सरकार की ओर से शुभकामनाएँ देता हूँ। उन्होंने महाराजा छत्रसाल एवं लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क हदासों में अस्पताल पहुंचाने पर राह वीर योजना में मानवता के आधार पर 25 हजार का पुरस्कार सरकार देगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा यदि बहन बेटी किसी कारण से विधवा हो जाती तो विधवा बहिनो की शादी के लिए 2 लाख दिये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा गौमाता के संरक्षण और रखरखाव के लिए सरकार गौशालाओं में प्रति गौमाता को आहार के लिये 20 से बढाकर 40 रुपए दिये जा रहे है। लाड़ली बहनों की राशि में भी सरकार बढ़ोतरी करते हुए आगामी 5 साल के अंदर 3 हजार रूपए प्रतिमाह करने जा रही है। जगन्नाथ यात्रा को धर्मस्व और धार्मिक न्यास में शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार महाराजा छत्रसाल की जयंती मनायेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला दिव्यांगता समिति की बैठक संपन्न

## विकासखण्डवार शिविर स्थापना कर दिव्यांगों को चिन्हित कर लाभ दिलाया जाए




**अलीगढ़,ब्यूरो।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, डीएनटी, जिला अनुश्रवण समिति एवं स्थानीय स्तर समिति की बैठक में विशेष रूप से यूडीआईडी पोर्टल की समीक्षा की गई। डीएम ने यूडीआईडी पोर्टल पर दिव्यांगजनों के पंजीकरण की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को यूडीआईडी के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त हो सकेगा। इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन पंजीकरण से बंचित न रहे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड के 4997 आवेदन लंबित हैं। क्रत्रिम अंग एवं सहायक अंग वितरण योजना में ब्लॉकवार 262 आवेदन पत्रों की जानकारी दी गई, जिसमें ब्लॉक अकराबाद में मात्र 08 आवेदन प्राप्त होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार शिविर लगाते हुए संबंधित बीडीओ की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने बताया कि जिले में 571 ऑखों से दिव्यांग, 417 मानसिक दिव्यांग, 16637 शारीरिक दिव्यांग, 320 सेरेब्रल पॉलिसी, 614 मूकबधिर एवं 40 कुष्ठावस्था दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। डीएम ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को जिले में दिव्यांगजनों की संख्या एवं उनको आवश्यक उपकरणों के बारे में ब्यौरा उपलब्ध करने के निर्देश दिए। आरएम रोडवेज को निर्देशित किया गया कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए बसों को निर्धारित प्लेटफार्म पर ही रोका जाए ताकि दिव्यांगजनों को चढ़ने-उतरने में असुविधा न हो, इसके साथ ही उनके लिए आरक्षित सीट पर यात्रा सुनिश्चित कराई जाए।

बीएसए को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उनको आवश्यक उपकरण दिलाने में विभाग का सहयोग करें। डीएम ने कहा कि दिव्यांगता अधिकार अधिनियम के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगता को चिन्हित किया गया है जबकि प्रायः 07-08 प्रकार के दिव्यांग ही पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने प्राथमिकता से सभी श्रेणी के दिव्यांगों को पंजीकृत करने एवं उनको लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में सम्मिलित समिति के सदस्यों दिव्यांग शालिनी शर्मा, मूक बधिर ताहिरा गौतम एवं प्राग नारायण मूक बधिर विद्यालय के प्रतिनिधि ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण एवं दिव्यांजनों की विभिन्न समस्याओं के बारे में अपनी बात रखी। जिस पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के प्रति आश्वस्त किया।

# आज होगा चित्रकूट के युवा कवि दिनेश दीक्षित संघर्षी के काव्यपाठ का आकाशवाणी छतरपुर से प्रसारण




**चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट के ख्याति लब्ध युवा कवि दिनेश दीक्षित 'संघर्षी' के काव्यपाठ का आकाशवाणी छतरपुर से दिनाँक 30 मई दिन शुक्रवार को रात 9:30 बजे रसावतरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित काव्यगोष्ठी पर प्रसारण होगा। दिनेश दीक्षित संघर्षी यूँ तो किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं वाणी के इस वरदपुत्र का काव्यपाठ देश के हर एक प्रान्त में होता ही रहता है हिन्दी कविता के सशक्त हस्ताक्षर दिनेश दीक्षित संघर्षी एक प्रख्यात गीतकार के रूप में जाने जाते हैं इनकी कविताओं में प्रायः सभी रंगों हास्य, व्यंग्य, श्रंगार के साथ साथ ओज का भी अक्स झलकता रहता है

मंच पर आजकल ये गीत व मुक्तक के साथ साथ छंद भी पढ़ रहे हैं । इनकी शीर्ष कवियों में गिनती मानी जाती है देश के कोने कोने पर जाकर मंच पर काव्यपाठ कर जनपद चित्रकूट का नाम रोशन करने वाले दिनेश दीक्षित जैसे कवियों पर गर्व महसूस होता है ऐसे कवियों की रचनात्मक कविताएं समाज को जहाँ एक नई दिशा देती हैं तो वहीं कुरूतियों पर कवियों की कविताएं करारा प्रहार करने से गुरेज नहीं करती हैं ।

मंच के साथ साथ इनके काव्य पाठ का प्रसारण टीवी चैनलों एवं आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से लगातार होता रहता है कल आकाशवाणी छतरपुर से इनके काव्यपाठ के प्रसारण को लेकर इनके चाहने वालों सहित काव्यप्रेमियों में खासा उत्साह है और इंतजार देखा जा रहा है।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान 5 जून से 30 सितम्बर तक

**सतना,ब्यूरो।** एक पेड़ माँ के नाम भारत शासन का जन एवं सामुदायिक सहयोग से एक राष्ट्व्यापी अभियान है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को एक पौधा रोपित कर किया गया था। प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस वर्ष यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 30 सितम्बर तक पूर्ण उत्साह एवं व्यापक रूप से मनाया जाना है। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को अपने जिले में ÷एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान की कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने ÷एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के लिए अनुविभागीय अधिकारी (वन) को नोडल अधिकारी बनाया है। नोडल अधिकरी दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मेरी लाइफ पोर्टल पर नियमित रूप से जानकारी अपलोड कराना तथा अभियान अंतर्गत 5 जून 2025 से कार्यक्रम तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने का भाजपा किसान नेताओं ने किया स्वागत

**रायपुर,कासं.।** केंद्र शासन द्वारा धान सहित दलहन तिल्हन फसलों के समर्थन में वृद्धि करने का भाजपा किसान नेताओं ने स्वागत किया है। किसान नेता अशोक बजाज ने बताया कि धान का रेट 23 सौ से बढ़ाकर 2369 कर दिया है। वहीं ज्वार मक्का बाजरा मुंगफल्ली का भी एमएसपी रेट बढ़ाया गया है। छग के किसानों को इससे लाभ होगा। धान में समर्थन मूल्य 9 प्रतिशत बढ़ाया गया है जबकि धान की एमएसपी 69 रुपये ये बढ़कर 2369 क्रिंटल हो गई है। इससे छग के किसानों को लाभ मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार खरीफ फसलों की बोआई को लाभ मिलेगा। किसानों को राज्य शासन द्वारा 731 रुपये बोनस दिया जाता है इससे प्रति क्रिंटल का रेट किसान नेताओं के अनुसार देश में कुल वार्षिक खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि होगी। इस योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए सस्ती दर पर अल्पकालीन कर्जा भी मिलेगा।

**उत्तर मध्य रेलवे**

No. DYCE/GSU/GWL/Tender/0225 दिनांक : 27.05.2025

**ई-टेण्डरिंग टेन्डर नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर-II/गति शक्ति यूनिट, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (सिंगल-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| **ई-टेन्डर क्रमांक:** DYCEGSUGWL0225 | **अनुमानित लागत :** ₹ 2.14 Crore |
| **कार्य का विवरण:** "झांसी डिवीजन के आरओबी के 12 निर्माण के लिए डीपीआर तैयारी और डिजाइन, बोली प्रक्रिया के लिए परामर्श सेवाएं के सम्बन्ध में।" | |
| **निविदा बन्द होने की तिथि:** 24.06.2025 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 माह |

- ऑनलाइन निविदा दिनांक **24.06.2025** को **11:00** बजे तक जमा की जा सकती है।
- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

925/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954